महानगर नई दिल्ली बुधवार 4 मार्च, 2020, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

### दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के शामली जिले से पकड़ा

# पिस्तौल तानने वाला शाहरुख गिरफ्तार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

दिल्ली हिंसा के दौरान एक पुलिसकर्मी पर पिस्तौल तानने वाले शाहरुख नाम के फरार युवक को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 23 साल के शाहरुख को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया।

शाहरुख ने 25 फरवरी को दंगा प्रभावित जाफराबाद इलाके में कई राउंड गोली चलाकर दहशत फैला दी थी। इसी दौरान उसने पुलिसकर्मी दीपक दहिया पर पिस्तौल तान दी थी। दीपक दहिया की शिकायत पर उसके खिलाफ जाफराबाद थाने में 26 फरवरी को धारा 186, 353, 307 के साथ 25/27 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

अपराध शाखा के बाकी पेज 8 पर



## ताहिर अब भी फरार

नई दिल्ली, 3 मार्च (जनसत्ता संवाददाता)।

भड़के दंगों के एक अन्य आरोपी ताहिर हुसैन को दिल्ली पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई है। आप के पूर्व नेता ताहिर के घर की छत से बड़ी तादाद में पेट्रोल बम व अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली थी। आइबी अधिकारी की हत्या मामले में भी उसका नाम है।

# नोएडा में कुछ दिनों के लिए दो स्कूल बंद

### कोरोना का डर

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 3 मार्च।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहर के एक स्कूल के तीन बच्चों समेत छह लोगों में कोरोना वायरस के लक्षण मिलने की जानकारी मिली है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर-135 स्थित श्री राम मिलेनियम स्कूल का दौरा किया। यह जानकारी मिलने के बाद केंद्र सरकार की एक टीम भी श्री राम मिलेनियम स्कूल पहुंची। नमूनों की जांच रिपोर्ट अभी नहीं आई है लेकिन स्कूलों को पूरी तरह से कीटाणु मुक्त (सेनेटाइज) करने के लिए तीन दिन तक बंद रखा जा रहा है। स्कूल के पांच बच्चों को उनके घर में ही अलग (आइसोलेट) रखा जा रहा है। वहीं, सीएमओ अनुराग भार्गव ने बताया कि एक अन्य शिव नाडर स्कूल ने एतिहातन स्वतः ही 9 मार्च तक स्कूल बंद रखने की सूचना दी है।

कोरोना वायरस को लेकर जिला प्रशासन ने हेल्प नंबर जारी किए हैं। बुखार, जुकाम और सांस लेने में दिक्कत होने पर इन नंबर पर फोन कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर पर जाकर ऐसे संदिग्ध मरीजों के नमूने लेगी। बाकी पेज 8 पर



*हैदराबाद* के एक अस्पताल में अमेरिका से लौटी एक युवती की मंगलवार को जांच करते चिकित्सा अधिकारी

### देश में छह मामले, आगरा से छह अन्य के नमूने पुणे भेजे

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को इटली से जयपुर आए पर्यटक को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की गई है। मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि मरीज को अस्पताल में अलग कर दिया गया है और उसकी तबीयत स्थिर है। जयपुर स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इटली पर्यटक की पत्नी में बाकी पेज 8 पर

### पुख्ता नहीं थर्मल स्क्रिनिंग से कोरोना की जांच

**सुशील राघव**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

देश के 21 हवाई अड्डों और 77 बंदरगाहों पर की जा रही थर्मल स्क्रिनिंग से तुरंत नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण का पता नहीं चलता है। थर्मल स्क्रिनिंग की कुछ बंदिशें हैं, यही कारण है कि कोरोना के संभावित पीड़ित पकड़ में नहीं आ पाते हैं। इस जांच प्रणाली से हवाई अड्डे पर दो मार्च तक 5.70 लाख से अधिक लोगों की स्क्रिनिंग की जा चुकी है। इसके बाद भी तीन लोग कोरोना से संक्रमित मिले हैं जिनमें से एक दिल्ली, दूसरा तेलंगाना और तीसरा जयपुर में इतावली पर्यटक का है।

मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक हवाई अड्डों या बंदरगाहों पर थर्मल स्क्रिनिंग के जरिए लोगों के शरीर के तापमान की जांच होती है। कोरोना से संक्रमित व्यक्ति के लक्षण सामने आने में कुछ दिन लग जाते हैं। ऐसे में संक्रमित व्यक्ति, जिसका तापमान सामान्य है, थर्मल स्क्रिनिंग से बचकर निकल सकता है। अधिकारी के मुताबिक थर्मल स्क्रिनिंग से व्यक्ति के बुखार के बारे में पता चलता है, कोरोना बाकी पेज 8 पर

## संरा मानवाधिकार उच्चायुक्त के कदम पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दो-टूक कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) भारत का आंतरिक मामला है और देश की संप्रभुता से जुड़े मुद्दे पर किसी विदेशी पक्ष का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं बनता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से सीएए को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया जताई। संरा संस्था ने सुप्रीम कोर्ट से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर सुनवाई में हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने कहा है कि इस मुद्दे पर सुनवाई में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, मानदंडों और मानकों पर भी विचार करने की जरूरत है। यह अर्जी संरा मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैश्लेट जेरिया ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि वह इस मामले में मानवाधिकारों बाकी पेज 8 पर

**सीएए हमारा आंतरिक मामला**



*कहा* कि सीएए भारत का आंतरिक मामला है और भारतीय संसद के पास कानून बनाने की ताकत है।

# दिल्ली दंगों पर चर्चा को लेकर संसद में फिर हंगामा, गतिरोध कायम

**इस बीच** ही अध्यक्ष ने बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 पेश कराया

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

दिल्ली में हुए दंगों पर चर्चा कराए जाने की विपक्ष की मांग को लेकर संसद में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी हंगामा, नारेबाजी और धक्कामुक्की के बीच गतिरोध कायम रहा। विपक्ष ने दावा किया कि इस विषय पर पूरी दुनिया बोल रही है लेकिन सदन को बोलने नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा को दो-दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में हंगामे के दौरान कुछ समय के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष के कुछ सदस्यों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखी गई। कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा किया और कागज फाड़ फाड़कर अध्यक्ष के आसान के आसपास फेंकते रहे। हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर होली के बाद चर्चा कराने को तैयार है।

राज्यसभा में भाजपा सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा कराने का निर्णय सभापति पर छोड़ दिया जाना चाहिए। दोनों सदनों में इस मुद्दे पर बाकी पेज 8 पर



*वित्त मंत्री* निर्मला सीतारमण ने हंगामा कर रहे विपक्ष के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये लोग उन छोटे निवेशकों की मांग दबा रहे हैं जिन्होंने कठिनाइयों का सामना किया है।

### होली के बाद चर्चा कराने को तैयार सरकार



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, देशहित को ध्यान में रखते हुए मैं व्यवस्था देता हूं कि होली के बाद 11 मार्च को इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए। होली सौहार्दपूर्ण तरीके से मननी चाहिए। सरकार इस विषय पर चर्चा को तैयार है। इस दौरान विपक्ष के सदस्य असंतोष प्रकट करने लगे। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सदन चर्चा के लिए होता है, वाद-विवाद के लिए नहीं।

## अधीर रंजन चौधरी के कर्मचारी से मारपीट



**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के दिल्ली के हुमांयू स्थित निवास पर मंगलवार शाम चार अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की और उनके कर्मचारी के साथ मारपीट भी की। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक चौधरी को आबंटित सरकारी निवास के साथ लगे उनके कार्यालय में शाम 5.30 बजे चार अज्ञात लोग पहुंच गए और उनके कर्मचारियों से उनका मोबाइल नंबर मांगा। पुलिस के मुताबिक जब कर्मचारियों ने उनको चौधरी का नंबर देने से इनकार कर दिया तो चारों ने मिलकर कर्मचारियों से मारपीट की। चौधरी के निजी सचिव प्रदीपो राज पंडित ने इस बाबत दिल्ली पुलिस में शिकायत बाकी पेज 8 पर

## लोकपाल : सरकार ने शिकायत दाखिल करने के प्रारूप जारी किए

नई दिल्ली, 3 मार्च (एजंसी)।

सरकार ने लोकपाल की नियुक्ति के 11 महीने बाद उसके समक्ष प्रधानमंत्री समेत लोकसेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत दाखिल करने के लिए प्रारूप जारी किया है। इसके तहत पूर्व और वर्तमान प्रधानमंत्रियों के खिलाफ लोकपाल की पूरी बैंच सुनवाई की संस्तुति करेगी और यदि बैंच इस मामले को खारिज करती है तो उसके लिए कारण बताने को बाध्य नहीं है। कार्मिक मंत्रालय के आदेशानुसार सभी शिकायतकर्ताओं को अन्य बातों के अलावा गैर न्यायिक स्टैंप पेपर पर हलफनामा देना होगा कि 'कोई भी झूठा और ओछी या चिढ़ाऊ शिकायत दंडनीय है। इसके लिए एक साल तक की कैद की सजा और एक लाख रुपए तक जुर्माना होगा।' शिकायत डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण तौर पर अंग्रेजी में की जा सकती है जिसका तौर तरीका लोकपाल ने तय कर रखा हो।

कार्मिक मंत्रालय के आदेश के बाकी पेज 8 पर

**सोशल मीडिया** महिलाओं को सौंपा जिम्मा, प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा

# प्रेरक महिलाओं की गाथाएं साझा करें

### महिला दिवस की तैयारी

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

सोशल मीडिया अकाउंट छोड़ने पर विचार करने के ट्वीट को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह आठ मार्च को अपना सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं को सौंपेंगे, जिनका जीवन व कार्य प्रेरणा देने वाले हों। उन्होंने लोगों से ऐसी महिलाओं की गाथा उनके साथ साझा करने का अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उस रहस्य से पर्दा हटा दिया कि सोशल मीडिया छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। करीब 16 घंटे पहले सोमवार बाकी पेज 8 पर



*भाजपा* संसदीय दल की बैठक में पीएम ने कहा, इसके लिए पहली जरूरत एकता और सौहार्द

### विकास है हमारा मंत्र : मोदी

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित को पार्टी हित से ऊपर बताते हुए भाजपा सांसदों से मंगलवार को कहा कि विकास हमारा मंत्र है और इसकी पहली आवश्यकता एकता व सौहार्द है। इसलिए सभी को समाज में शांति, सद्भाव और एकता बाकी पेज 8 पर




www.readwhere.com

# सौहार्द का तकाजा

पिछले हफ्ते राजधानी दिल्ली में हुए दंगों ने सभी संवेदनशील लोगों को झकझोर दिया होगा। हिंसा की जैसी घटनाएं सामने आईं, उसने निश्चित रूप से उन सभी लोगों को परेशान किया है, जो देश को लेकर फिक्रमंद रहते हैं और सौहार्द को समाज की ताकत के रूप में देखना चाहते हैं। दरअसल, इंसानियत के सारे ताने-बाने को टूटते देख कर किसी को भी दुख होगा। लेकिन ऐसे में सभी लोगों की कोशिश यह होनी चाहिए कि आपस में विचार-विमर्श से लेकर उन हर संभव तरीकों पर बात करें, उपाय निकालने की ओर बढ़ें, जिनसे चुनौतियों से पार पाया जा सके। केवल आक्रोश से शायद किसी हल तक पहुंचना मुश्किल होगा। लगभग यही स्थिति संसद के दोनों सदनों में उपस्थित हुई, जहां विपक्षी दल दिल्ली की हिंसा पर मंगलवार को ही चर्चा कराने पर जोर दे रहे थे और इस मसले पर सत्ता पक्ष के साथ जद्दोजहद के क्रम में हंगामे से लेकर धक्का-मुक्की तक की नौबत आई। हालत यह पैदा हुई कि जब सदन के सामान्य कामकाज में बाधा पैदा हुई तो लोकसभाध्यक्ष ने बैठक को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। सवाल है कि इस रास्ते किस हल तक पहुंचा जा सकेगा!

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शासन और तंत्र के काम करने की एक प्रक्रिया होती है और उसी के मुताबिक किसी मामले में कदम उठाए जाते हैं। लेकिन क्या यह भी सही नहीं है कि जरूरत और अनिवार्यता के मद्देनजर स्थितियों का आकलन कर कार्रवाई की प्राथमिकता तय की जानी चाहिए? दिल्ली में पिछले दिनों की हिंसा के बाद उसके नतीजों की तस्वीर जैसे-जैसे साफ होती जा रही है, उससे इस त्रासदी की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। न केवल राजधानी होने के नाते, बल्कि देश के किसी भी इलाके में ऐसी घटना होती है तो वह सभी वर्गों की चिंता में शुमार होना चाहिए। खासतौर पर सरकार की यह जिम्मेदारी भी बनती है कि वह कानून-व्यवस्था से लेकर शांति बहाली के सामाजिक और राजनीतिक उपायों पर बिना देर किए विचार करे और ठोस कदम उठाए। इस संदर्भ में देखें तो संसद में दिल्ली की हिंसा पर चर्चा कराने पर सहमति तो बनी, लेकिन लोकसभाध्यक्ष ने यह चर्चा होली के बाद ग्यारह मार्च को कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सौहार्द के बीच मनाया जाना चाहिए।

हो सकता है कि हफ्ते भर बाद भी इस मसले पर चर्चा या बहस का महत्त्व कम नहीं हो, लेकिन हालात की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए क्या इस पर तत्काल बातचीत की जरूरत नहीं लगती है? दिल्ली में जो हालात पैदा हुए, उससे सौहार्द की कड़ियां ही टूटी हैं। लेकिन दंगा और हिंसा करने वाले असामाजिक तत्त्वों के बरक्स तमाम जगहों पर अलग-अलग समुदायों के लोगों ने आपसी प्यार और सौहार्द की बेहतरीन मिसाल देकर चुनौतियों का सामना भी किया और मानवता को जिंदा रखा। तो जिस सौहार्द को दंगों और हिंसा के बावजूद लोगों ने बचाए रखा, वह जनप्रतिनिधियों की बातचीत या चर्चा से कैसे बाधित हो सकता है? बल्कि राजनीतिकों के बीच चर्चा के बाद अगर मौजूदा समस्या के हल के लिए रास्ते निकलते हैं तो वह भिन्न समुदायों के लिए और ज्यादा मददगार ही साबित होंगे। क्या यह वक्त का तकाजा नहीं है कि चर्चा के लिए हालात के सुधरने का इंतजार करने के बजाय उसमें सुधार लाने के लिए तत्काल पहलकदमी की जाए? अतीत की घटनाओं और नाकामियों का हवाला देकर क्या मौजूदा वक्त में अपनी जिम्मेदारियों से बचा जा सकता है?

# अशांति का समझौता

कतर की राजधानी दोहा में पिछले शनिवार को जब अमेरिका और तालिबान ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, तब लगा था कि लंबे समय से हिंसा की आग में झुलस रहे इस मुल्क के दिन अब फिरने वाले हैं और लोग अमन-चैन से रह पाएंगे। शांति समझौते के पहले तालिबान ने एक हफ्ते के लिए आंशिक संघर्ष विराम की बात भी कही थी। लेकिन सोमवार को जैसे ही इसकी अवधि खत्म हुई, तालिबान ने असली चेहरा दिखा दिया। पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक फुटबॉल मैच के दौरान बम विस्फोट में तीन लोग मारे गए और कई जख्मी हो गए। हालांकि हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली, लेकिन किसने किया होगा, यह भी किसी से छिपा नहीं है। जाहिर है, तालिबान ने अपना रुख साफ कर दिया है। इसलिए यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि तालिबान के लिए इस शांति समझौते का मतलब क्या रह गया! क्या उसके लिए यह समझौता सिर्फ अफगानिस्तान की सत्ता में भागीदारी के लिए रास्ता बनाने और अमेरिकी सेना की वापसी जैसी शर्तों तक ही सीमित है? जिस तरह के हालात नजर आ रहे हैं, वे इस बात के संकेत हैं कि यह समझौता अफगानिस्तान के लिए नई मुश्किलें खड़ी करने वाला है।

समझौते में अमेरिका ने तालिबान को जिस तरह की शर्तों से बांधा है, वे इस करार को समस्या के समाधान की दिशा में कितना ले जा पाएंगी, इसमें अब किसी को संदेह नहीं रह गया है। तालिबान की सबसे बड़ी और पुरानी मांग अमेरिकी फौज और नाटो सेना की वापसी की थी, जो मान ली गई और इसके मुताबिक चौदह महीने में अफगानिस्तान से सभी विदेशी सैनिक लौट जाएंगे। तब मैदान में सिर्फ अफगानिस्तान की सरकारी फौज और तालिबान बचेंगे। अमेरिका ने तालिबान को अलकायदा से संबंध तोड़ने, अफगानिस्तान की जमीन से किसी भी विदेशी आंतकी गुट को उसके खिलाफ काम न करने देने जैसी कड़ी शर्तों से बांधा है। सवाल है कि तालिबान अमेरिका के सामने कितना झुकेगा? तालिबान का इतिहास बताता है कि विचारधारा से लेकर व्यवहार तक में वह कितना कट्टर और हिंसक है। अगर तालिबान सत्ता में आ जाता है तो अफगानिस्तान को फिर से आदिम युग आने में देर नहीं लगेगी।

शांति समझौता हुआ तो मुख्य रूप से दो पक्षों अमेरिका और तालिबान के बीच है। लेकिन अफगानिस्तान सरकार की इसमें जो भूमिका होनी चाहिए थी, उसे अमेरिका ने नजरअंदाज कर नए संकट को जन्म दे डाला है। समझौते में अफगानिस्तान की सरकारी जेलों में बंद पांच हजार तालिबान कैदियों की रिहाई बात कही गई है। यह एक ऐसा पेंच है जो शांति समझौते पर सवालिया निशान खड़ा करता है और समझौता खटाई में पड़ने का एकमात्र बड़ा कारण बनेगा। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने साफ शब्दों में न सिर्फ तालिबान कैदियों की रिहाई से साफ मना कर दिया है, बल्कि सवाल उठाया है कि अमेरिका इसका फैसला कैसे कर सकता है, यह उसके क्षेत्राधिकार से बाहर है। दूसरी ओर तालिबान ने भी चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि वह अपनी सैन्य गतिविधियां बंद नहीं करेगा। अफगान राष्ट्रपति का सख्त रुख और तालिबान का रवैया बता रहा है कि आने वाले दिनों में इस तरह का टकराव और बढ़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में चेतावनी दी है कि अगर तालिबान ने समझौते का पालन नहीं किया तो अमेरिका अफगानिस्तान में इतनी फौज भेजेगा जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। ऐसी धमकियों और चेतावनियों से क्या यह नहीं लगता कि शांति समझौता अफगानिस्तान को नए संघर्ष में झोंकने का करार है!

## कल्पमेधा

**आनंद की पूर्ति सौंदर्य में दिखती है। आनंद बाहरी दशा पर नहीं, आंतरिक अवस्था पर निर्भर है।**
**– डेल कारनेगी**

# तुर्की-सीरिया का गहराता संकट


ब्रह्मदीप अलूने

**सीरियाई संकट के हल में तुर्की की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण है। एक तरफ वह इस्लामिक दुनिया का नेतृत्व करने का सपना देखता है और दूसरी ओर वह सीरिया सहित मध्य पूर्व में जातीय और नस्लीय असमानताओं को बढ़ावा देकर हिंसा फैला रहा है। कुर्दों को लेकर तुर्की की नीति समस्या बढ़ाने वाली है। असद का हिंसक विरोध छोड़ कर तुर्की को सीरिया में राजनीतिक स्थिरता बहाल करने कि कोशिश करनी चाहिए।**

शुष्क जलवायु से जूझने वाला देश सीरिया लंबे समय से गृहयुद्ध से अभिशप्त रहा है और अब यह वैश्विक महाशक्तियों और शक्तिशाली सैन्य संगठनों के बीच युद्ध स्थल बन गया है। हाल में सीरिया की सरकारी सेना और तुर्की ने एक दूसरे के सैनिकों को निशाना बना कर इस इलाके की अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। इस समूचे घटनाक्रम में रूस और नाटो के आमने-सामने आने से संकट और गहरा गया है। सीरिया के उत्तर पश्चिम के युद्ध ग्रस्त इलाके से प्रभावित लाखों लोग विस्थापित होकर तुर्की सीमा की ओर भाग रहे हैं, वहीं तुर्की ने यूरोपीय संघ (ईयू) को चेतावनी दी है कि यदि इस संकट से सही ढंग से नहीं निपटा गया, तो वह शरणार्थियों के लिए यूरोप के द्वार खोल देगा।

गौरतलब है कि एशिया और यूरोप महाद्वीप के मध्य स्थित तुर्की एशिया का प्रवेश द्वार कहलाता है। तुर्की का अनठानवे प्रतिशत भाग एशिया में और मात्र दो प्रतिशत भाग यूरोप में पड़ता है। मध्य पूर्व में अस्थिरता बढ़ने से लाखों प्रवासी तुर्की के रास्ते यूरोप की तरफ रुख करते हैं। इस समय तुर्की में करीब चालीस लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी हैं। यूरोप में ये प्रवासी अवैध घुसपैठ न करें, इसलिए यूरोपीय संघ ने साल 2016 में एक समझौता कर तुर्की को छह अरब यूरो दिए थे। लेकिन तुर्की नाटो का सहयोग लेकर बशर अल-असद को सीरिया की सत्ता से हटाना चाहता है और वह इसलिए यूरोपीय संघ पर दबाव बना रहा है।

रूस असद सरकार का सबसे बड़ा मददगार है और उसके सीरियाई संकट में असद के पक्ष में खड़ा होने के बाद सीरिया की सरकारी सेना मजबूत हुई है, जबकि अमेरिका और तुर्की सहित नाटो के प्रभाव में कमी आई है। साल 2013 में अलकायदा से अलग होकर इसलामिक स्टेट (आइएस) अस्तित्व में आया था और इससे मध्य पूर्व में संघर्ष का एक नया दौर शुरू हो गया था। आइएस ने ईसाइयों और उदार मुसलमानों के खिलाफ जेहाद की घोषणा कर मध्य पूर्व के राजनीतिक संघर्ष की दिशा बदल दी। आइएस ने इस इलाके के तेल कुओं पर कब्जा जमा कर महाशक्तियों को चुनौती दी और इसके बाद पश्चिमी देशों, अमेरिका, रूस, तुर्की जैसे देशों ने आइएस को मिल कर खत्म करने में अपनी भूमिका निभाई। लंबे समय से युद्ध ग्रस्त इस इलाके से आइएस समाप्त होने की कगार पर आया, तो तुर्की ने असद सरकार और कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोल एक नए संकट को जन्म दे दिया।



रूस किसी भी कीमत पर बशर अल-असद को बनाए रखना चाहता है। उसने सीरिया की सरकारी सेना पर तुर्की के हमलों के बाद नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इसके गंभीर परिणाम हो सकते है। इस समय बड़ा विवाद इदलिब को लेकर भी है। सीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत इदलिब में असद सरकार के खिलाफ अभियान चला रहे विद्रोहियों का कब्जा है। तुर्की इन विद्रोहियों का समर्थन करता है। इनको खदेड़ने के लिए सीरिया की सरकारी सेना ने रूस के समर्थन से बड़ा सैन्य अभियान चला रखा है। इदलिब में तुर्की के सैनिक भी मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश चौकियों को सीरिया की सरकार समर्थित सेना निशाना बनाती रही है।

साल 2011 के बाद से सीरिया में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती गई और यह देश जातीय, नस्ल और वैश्विक महाशक्तियों के संघर्ष का केंद्र बन गया। सीरिया में सुन्नी मुसलमान बहुसंख्यक है जो देश की कुल जनसंख्या का चौहत्तर प्रतिशत हैं, जबकि शिया आबादी करीब तेरह प्रतिशत है। राष्ट्रपति असद शिया समुदाय से हैं और यह एक बड़ा कारण है कि असद का सुन्नी बहुल देश की सत्ता में बने रहना सऊदी अरब जैसी इस्लामी ताकतों को बर्दाश्त नहीं है। दूसरी ओर, ईरान असद को सत्ता में बनाए रखने के लिए सीरिया को हथियारों की आपूर्ति सहित सामरिक मदद करता रहा है। इस प्रकार सीरिया शिया और सुन्नी संघर्ष भी बड़ा केंद्र बन गया है, जिसके चलते शिया बहुल देश और कई शिया संगठन असद की खुल कर मदद कर रहे हैं। दूसरी ओर, सऊदी अरब सीरिया के विद्रोही संगठनों को सहायता देकर असद की सरकार को उखाड़ फेंक देना चाहता है। अमेरिका और फ्रांस जैसे देश भी असद के खिलाफ हैं और वे सीरिया के विद्रोहियों को मदद देते रहे हैं। तुर्की के लिए सीरिया पारंपरिक गढ़ रहा है और वह सीरिया की राजनीति पर अपना अधिकार मजबूत रखना चाहता है। सीरिया से विस्थापित लोग तुर्की में ही सबसे पहले प्रवेश करते हैं और इस कारण तुर्की को भी मानवीय संकट से जूझना पड़ रहा है। तुर्की चाहता है कि सीरिया के साथ लगने वाली सीमा को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए। इसके लिए वह अपनी सीमा से लगने वाले उत्तर-पूर्वी सीरिया में लगभग चार सौ अस्सी किलोमीटर लंबा और तीस किलोमीटर चौड़ा एक पट्टीनुमा क्षेत्र बना कर उसे संरक्षित करना चाहता है, ताकि सीरिया से तुर्की भाग कर आए करीब साढ़े तीन लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थियों को रहने के लिए जगह मुहैया कराई जा सके। जबकि असद का कहना है कि तुर्की संरक्षित स्थान के बहाने इस इलाके में विद्रोहियों को बसा कर सीरिया की संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा पैदा करने की साजिश रच रहा है।

सीरिया का संकट सिर्फ राजनीतिक ही नहीं, सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय संकट भी है। वर्ष 2011 के बाद इस देश में राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न होने से सीरिया के बड़े हिस्से में इस्लामिक स्टेट ने कब्जा जमा लिया था और फिर यहां लंबे समय खून-खराबे का दौर चला। पिछले साल अमेरिका ने दावा किया था कि सीरिया से आइएस को खदेड़ दिया गया है, लेकिन आइएस के लड़ाके अब भी यहां कई इलाकों में छिपे हुए हैं। सीरिया के कुछ इलाकों में शिविर और जेल बना कर आइएस के लड़ाकों को रखा गया है, जिसमें हजारों विदेशी महिलाएं और उनके बच्चे भी शामिल हैं। लड़ाकों की क्रूरता और कट्टरता में कोई कमी नहीं आई है और तुर्की के हमलों का फायदा उठा कर ये जेल से भागने मे कामयाब भी रहे हैं। ऐसे में सीरिया का भविष्य चुनौतीपूर्ण दिखाई देता है।

तुर्की जहां सीरिया से आए शरणार्थियों को सुरक्षित बसा कर सीरिया की समस्या सुलझाने में मदद की बात कहता रहा है, वहीं कुर्दों को लेकर उसकी पारंपरिक दुर्भावनापूर्ण नीति समस्या को बढ़ाने वाली है। सीरिया में कुर्द मुख्यतः उत्तर पूर्वी क्षेत्र में रहते हैं जो तुर्की और इराक के सटे इलाके हैं। तुर्की कुर्दों के संगठन को आतंकवादी समूह मानता है और उसे अपनी संप्रभुता के लिए खतरा बताता रहा है। वहीं अमेरिका कुर्दों को लेकर उदार रवैया दिखाता रहा है। कुर्द पश्चिम एशिया की मुसलिम लड़ाकू जनजाति है और इसका प्रभाव सीरिया के उत्तरी इलाकों के साथ ही तुर्की, इराक और ईरान तक है। कुर्द तुर्की को अपने दुश्मन की तरह देखते है। यदि सीरिया की बात करें तो कुर्दों को लेकर असद भी सहज नहीं रहे हैं। लेकिन इस बात से भी इंकार नही किया जा सकता कि आइएस के खिलाफ कुर्दों के संघर्ष के कारण ही अमेरिका और सहयोगियों को सफलता मिली है। कुर्दों के प्रतिरोध का सीधा लाभ असद को मिला और सीरिया में उनकी सत्ता बनी रही।

सीरियाई संकट के हल में तुर्की की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण है। एक तरफ वह इस्लामिक दुनिया का नेतृत्व करने का सपना देखता है और दूसरी ओर वह सीरिया सहित मध्य पूर्व में जातीय और नस्लीय असमानताओं को बढ़ावा देकर हिंसा फैला रहा है। कुर्दों को लेकर तुर्की की नीति समस्या बढ़ाने वाली है। असद का हिंसक विरोध छोड़ कर तुर्की को सीरिया में राजनीतिक स्थिरता बहाल करने कि कोशिश करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने तुर्की और सीरिया के संघर्ष को बड़ा मानवीय संकट बताते हुए कहा है कि अगर हमले नहीं रोके गए तो 2011 से चल रहा यह संघर्ष सबसे बुरे मानवीय त्रासदी में बदल सकता है।

# अलमस्त, अल्हड़ फागुन

प्रभुनाथ शुक्ल

## दुनिया मेरे आगे

मौसम का मिजाज फागुनी हो चुका है। ठंड अब ढल चली है। हल्की पछुवा सुबह-शाम जिस्म में चुभन और सिहरन पैदा करती है। गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूंदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता-आहिस्ता कदम बढ़ा लिया था। जाहिर है, इसके साथ अब फसलों की रंगत बदल गई है। पूर्वांचल के गांवों में रंग-रंगीली होली के दिन करीब आ चले हैं। लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि होली की कोई आहट नहीं दिखती। प्रकृति तो हमें वसंत का भरपूर एहसास दिलाती दिखती है।

सिवान की मेंड़ों से गुजरते वक्त फसलें उसी शिद्दत से पछुवा हवाओं के साथ झूम कर आलिंगन करती हैं। सरसों के खेत पीले-पीले फूलों और हरी फलियों से झुक गए हैं। अलसी और तीसी के नीले फूल झूम-झूम कर अब भी वसंत के स्वागत में लगे हैं। जौ की सुनहली बालियां बौराई-सी झूम रही हैं। मटर फूल और फली से लद गई है। टेंशू, गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रहीं है। भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। इस बीच पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर दिखे। प्रकृति और उसका एहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। पूर्वांचल में फागुन के गीत को फगुवा के नाम से पुकारा जाता है। लेकिन अब यह गीत और उसे गाने वाले लोग गायब हैं।

दरअसल, आधुनिक विकास ने गांव की परिभाषा को निगल लिया है। अब गांव की असली तस्वीर केवल पुरानी हिंदी फिल्मों में कैद हो चुकी है। कभी गांव का नाम जेहन में आते ही खपरैल, घास-फूस और छप्पर की तस्वीर उभर आती थी। दिमाग में कोल्हू, हल-बैल, कुएं, तालाब, दुबला, रहट, नार-मोट, ढेकुली, मंदिर और लुका-छिपी का खेल नाचने लगता था। हुक्का गुड़गुडाते सुक्खु चाचा और टूटे चश्मे की फ्रेम आंखों पर चढ़ाई दादी गायब है। यहीं नहीं, उसकी डांट में छिपी मिठास और हाथों की छड़ी भी बदले दौर में गुम हो गई। अब तो नई पीढ़ी को गांव और दादी 'गूगल' पर ही मिलेगी।

इस मौसम में चरखी से निकले गन्ना के रस में दही मिला 'सीखरन' तैयार होता था। मटर की सलोनी के साथ उसे पीने का आनंद और स्वाद ही अलग था। अब गांवों से गन्ने की खेती गायब हो रही है। कड़ाहे गुड़ और खांड की सोंधी गंध नाक को तृप्त नहीं करती। वह वक्त भी था जब पकती खांड में हम आलू डालने जाते तो हमें पड़ोसी दादा की खूब डांट मिलती। अब गांव कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके हैं। अब पुरानी बातें कहानियां हो गई हैं। डाकिया बाबू दिखाई नहीं पड़ते। अब कोई महिला किसी से पति को पाती लिखवाने की आरजू-मिन्नत नहीं करती दिखती। मोबाइल ने जीवन की सारी रसिकता को छीन लिया है। नई पीढ़ी के लिए गांव, वसंत और फागुन शोध का विषय बन गए हैं।

प्रकृति में अल्हड़ फागुन जीवंत है, लेकिन बदली परंपराओं और हमारी सोच में वह बूढ़ा हो चला है। फागुन में रास है, न रंग। बस होली के नाम पर औपचारिकता दिखती है। अब गुलाल मलने की सिर्फ रस्म निभाई जाती है, जबकि दिल नहीं मिलते। फाग गीतों की आड़ में द्विअर्थी गीतों ने दिमागों में गंदगी फैला दी है। होली का हुल्लड़ अब फूहड़ हो चला है।

जब कच्चे मकान होते थे तो उसमें माटी-गोबर लगाया जाता था, क्योंकि बारिश की वजह से छप्पर टपकने से घर की दीवारें कट जाती थीं। पतझड़ का मौसम आते ही पेड़ों की पत्तियों को पोतनी मिट्टी और गोबर के साथ मिला कर घरों की पुताई होती थी। पूर्वांचल में गांव की भाषा में इसे 'गोबरी' कहते हैं। इसे लगाते वक्त अगर कोई उधर से गुजरता था तो अक्सर दौड़ा कर सके मुंह और कपड़े में 'गोबरी' लगा दिया जाता था और इस तरह फागुन और होली के हुडदंग का आगाज हो जाता था। टोलियों के साथ होली मनती थी। वसंत लगते ही रंगत बदल जाती थी।

इन महीनों में होने वाली शादी में दूल्हा और बाराती रंगों में नहा उठते थे। होली के दिन गुड़ में भांग मिलाकर महजूम बनाए जाते थे। भांग मिश्रित ठंढई बनती थी। बचपन में हम लोग उसे पीकर होली के हुडदंग में शामिल हो जाते। यह सब वसंत लगते ही शुरू हो जाता था। लेकिन अब पूर्वांचल के गांवों में सौहार्द का समीकरण बिगड़ गया है। कोई किसी के घर नहीं जाना चहता है। त्योहारों का उत्साह भी गोलबंद हो चला है। वह दौर भी था जब वसंत पंचमी के दिन से होलिका संग्रह होने लगता। बचपन में युवाओं में होलिका को लेकर खास उत्साह होता। त्योहारों की मिठास खत्म हो चली है। आपसी प्रेम और सौहार्द गायब है। जबकि फागुन एक सोच है। वह जिंदगी को हसीन और रंगीन बनाने का संदेश है। वह उम्मीदों की नई कोंपल है।

## बिन पानी

ऊंचाई की गणना समुद्र तल से की जाती रही है। रेलवे प्लेटफार्मों पर समुद्र तल से ऊंचाई लिखी होती है। कहने का तात्पर्य यह है कि हम सब समुद्र तल से ऊंचाई पर हैं और हमारी नदियां भी ऊंचाई पर से बह कर समुद्र में मिलती हैं। पृथ्वी पर पचहत्तर फीसद जल है, बाकी भू-भाग है। यानी सारी नदियों का पानी समुद्र में जाकर खारा हो जाता है। अगर इस पानी को सहेजा जाए, यानी उदाहरण के तौर पर परियोजना, स्टॉपडेम, निस्तार, तालाब कुएं, बावड़ी आदि ज्यादा से ज्यादा बनाए जाएं तो वह बहता पानी इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षियों और सिंचाई के लिए विषम परिस्थितियों में लाभकारी होगा। साथ ही खेती और जलस्तर बढ़ाने में पानी की आपूर्ति को एक नया बल देगा। इनके अलावा व्यर्थ ढोए जाने वाले पानी पर रोक के लिए पहल की जानी चाहिए, ताकि पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

आज जल वितरण की हालत यह है कि लोग पानी पाउच, बोतलों और टंकियों में खरीद कर रख और पी रहे हैं। अगर पानी को नहीं सहेजा गया तो एक दिन पानी की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी। ज्यादातर स्थानों पर दाह-संस्कार करके नदियों के तट पर पहले लोग नहाते थे, लेकिन अब सब घर आकर नहाते हैं। नदियों में पानी की कमी दिखाई देने लगी है। वैज्ञानिक लोग मंगल ग्रह पर पानी की खोज क्यों कर रहे हैं? उन्हें मालूम है कि पृथ्वी पर पानी की कमी हर साल बनी रहेगी। पानी सहेजेंगे तभी हम नदियों के पानी को व्यर्थ समुद्र में बहने से रोक कर उसका उपयोग कर पाएंगे और 'जल ही जीवन' की परिभाषा को सही तरीके से समझ पाएंगे। इसके लिए जल संरक्षण, जल संकल्प के साथ पानी सहेजने के स्रोतों का निर्माण आवश्यक है। नदियों के जल को प्रदूषित न करने का संकल्प लेना होगा। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनी जगह सही है, लेकिन यह हर घर में होना चाहिए। इसके लिए जागरूकता लाना आवश्यक है।

● *संजय वर्मा 'दृष्टि', मनावर, धार*

## अभिव्यक्ति की दिशा

संसार के सर्वाधिक स्नातक भारत में हैं। यह जानकर हैरानी होती है कि इसके बावजूद सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले लोग नेताओं की बयानबाजी से इस कदर प्रभावित हो जाते हैं कि एक दूसरे से नफरत करने लगते हैं और फिर हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। दिलचस्प है कि न तो नेताओं के बयानों को परखा जाता है और न ही सोशल मीडिया नफरत फैलाने वाली सामग्रियों को, लेकिन दोष मढ़ दिया जा रहा है सोशल मीडिया पर। अपनी समझ को कोई दोष देने को तैयार नहीं है। आखिर हम इसका प्रयोग कैसे कर रहे हैं? उपयोग कर रहे हैं या जाने-अनजाने हमसे दुरुपयोग हो रहा है? जो लोग संगठित रूप से सोशल मीडिया पर अफवाह, झूठ और नफरत फैलाते हैं, क्या उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होती दिखती है। दरअसल, सोशल मीडिया के प्रयोग की एक उम्र सीमा और शैक्षिक स्तर के साथ-साथ उचित समय भी होना चाहिए। वर्तमान हालात देख कर कहा जा सकता है कि यह सब हमारे पास नहीं है। एक देहाती कहावत है जो हम सबने सुने होंगे- 'बंदर के हाथ में नारियल।' सोशल मीडिया पर नियंत्रण की जरूरत है, लेकिन मानवता के खिलाफ प्रत्यक्ष या परोक्ष अभियान चलाने वाले संगठित लोगों के रवैये पर।

● *मुकेश कुमार मनन, पटना*


## वायरस का दायरा

सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट आगामी 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक मलेशिया में आयोजित होना था, लेकिन इसे कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते सितंबर तक के लिए स्थगित दिया गया है। सबसे बड़ा प्रश्न यहां उठ रहा है कि टोक्यो में प्रस्तावित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का क्या होगा, जो 24 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित होना था? अभी तक मेजबान जापान ने किसी तरह की घोषणा नहीं की है, क्योंकि आयोजकों द्वारा ओलंपिक मशाल रिले को कोरोनो वायरस प्रकोप के कारण वापस लेने की तरफ इशारा किया जा चुका है। अगर यह हो जाता है तो यह समझा जाना चाहिए कि इस जानलेवा खतरनाक वायरस के चलते दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन को रोकना पड़ जाएगा। इतिहास में तीन बार 1916, 1940 और 1944 में प्रथम और दूसरे विश्व युद्ध के कारण ओलंपिक को स्थगित किया गया था। शायद पहली बार किसी बीमारी के विश्वव्यापी खतरे के कारण करना पड़ेगा। दुनिया भर के शेयर बाजारों को पहले ही खून का आंसू रुला चुका यह वायरस पता नहीं और कितना चोट आधुनिक विश्व को देने वाला है!

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




## भविष्य का आईना

दिल्ली जैसे शहरों को जिस तरह आज भी सांप्रदायिक उन्माद की वैमनस्यकारी भावनाएं अपनी गिरफ्त में ले लेती हैं, इससे यही लगता है मानो हमारी तमाम उपलब्धि, वैज्ञानिक प्रगति, समाज सेवा की भावना, शिक्षा व्यवस्था, कानून का शासन सब कुछ फेल हो गया हो। निर्दोष, निहत्थे लोग का अकस्मात बलि चढ़ जाना, अथाह निजी और सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान पहुंचाया जाना किसी भी सभ्य मानव को झकझोर कर रख देता है। कबीर की उक्ति छह सौ साल बाद भी प्रासंगिक बनी हुई है कि 'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ पंडित भया न कोय, ढाई आखर प्रेम के पढ़े सो पंडित होय'।

हमारी शिक्षा व्यवस्था काफी प्रगतिशील अवस्था में है। बहुत सारे लोग आज पढ़े-लिखे हैं, लेकिन भौतिकवादी पढ़ाई में प्रेम की शिक्षा का कोई स्थान नहीं रह गया है। वे इर्ष्या और उन्माद के वातावरण में खुद भी जलते हैं और दूसरे को भी जलाते हैं। सबसे आवश्यक प्रेम की शिक्षा के अभाव में वे न तो खुद सही से रह सकते हैं और न ही दूसरे को रहने देते हैं। आज इंसान को इंसान बनने की जरूरत की याद दिलानी पड़े तो फिर आदिम सभ्यता और वर्तमान प्रगतिशील अवस्था में फर्क क्या रह जाएगा? समाज के अच्छे लोगों को आगे आने की जरूरत है और कानूनों का त्वरित क्रियान्वयन भी जरूरी है। नहीं तो आने वाली पीढ़ियों की नजर में हम लोग किसी बर्बर समुदाय के हिस्से के रूप में जाने जाएंगे।

● *मिथिलेश कुमार, भागलपुर*

www.readwhere.com



## कनखल में योग स्वास्थ्य शिविर

प्राणायाम, योग, ध्यान और लोक सेवा जैसे उपाय हमें मानसिक तनाव से मुक्ति प्रदान करते हैं और यह शोध में भी पाया गया है कि जो व्यक्ति लोक सेवा निस्वार्थ भाव से करते हैं और ऐसे कार्यों में अपना समय लगाते हैं, उन्हें मानसिक तनाव कम होता है और उनका जीवन शांतिमय होता है। इसी को मद्देनजर रखते हुए कनखल में छह दिन के योग स्वास्थ्य शिविर में खानपान और फिटनेट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# स्वाइन फ्लू को मात देने की तैयारी

**राजीव जैन**
जयपुर।

कोरोना वायरस की दहशत के बीच राजस्थान ने स्वाइन फ्लू से निपटने के लिए कमर कस ली है। दरअसल पिछले कुछ साल में स्वाइन फ्लू यानी एन1एन1 बीमारी से हुई मौतों से लोगों में इस बीमारी के प्रति खौफ सा बन गया है। जानलेवा इस रोग के पाजिटिव मामलों में वर्ष 2019 में तो राजस्थान देश भर में पहले स्थान पर था।

बीते वर्ष 5092 पाजिटिव में से 208 लोगों की मौत होने से हड़कंप मच गया था। स्वाइन फ्लू की रोकथाम से जुड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इस मामले में माना था कि प्रदेश में इसकी जांच और उपचार केंद्रों की कमी के कारण लोगों की मौत हुई थी। राज्य में पिछले दस साल में इस बीमारी से डेढ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसकी रोकथाम और जांच के लिए अब सरकार ने जिला स्तर पर ही इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं और उपचार के लिए अस्पतालों को भी चाक चौबंद करने की तैयारी कर ली है।

राज्य में स्वाइन फ्लू जैसी जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए चिकित्सा विभाग ने एडवांस मैनेजमेंट सिस्टम के तहत तैयारियां की है। स्वाइन फ्लू मरीजों को दी जाने वाली टेमीफ्लू की 15 लाख से ज्यादा दवाएं खरीद ली हैं और इन्हें उपजिला केंद्रों तक भिजवाया जा रहा है। मरीजों की स्क्रीनिंग से लेकर जांच और अन्य प्रकार की गाइडलाइन तक जारी कर दी गई है।

जिला अस्पतालों में स्वाइन फ्लू मरीजों के लिए अलग से वार्ड और गंभीर रोगियों के लिए स्पेशल आइसीयू तक के इंतजाम पूरे किए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी बड़े सरकारी अस्पतालों में सेंट्रलाइज ऑक्सीजन सिस्टम शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। कोटा के जेके लोन अस्पताल में बड़ी संख्या में शिशुओं की मौत के बाद ऑक्सीजन सप्लाई सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए ही सभी अस्पतालों में अब एक जैसी व्यवस्था करने की योजना बनाई गई है। स्वाइन फ्लू के लक्षण सामने आते ही मरीज को अस्पताल पहुंचा कर उसके उपचार करने के साथ ही लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। राजस्थान कुछ साल में स्वाइन फ्लू से मौतों का गढ़ बन गया है।



*चिकित्सा* मंत्री रघु शर्मा का कहना है कि स्वाइन फ्लू की रोकथाम और जांच व उपचार की अब जिला स्तर पर ही पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। टीबी की जांच वाली सीबी-नाट मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट किया जाएगा। इससे हर जिले में जांच सुविधा विकसित होगी। प्रदेश में 60 सीबी-नाट मशीने उपलब्ध है। जांच किट और स्टाफ की समुचित व्यवस्था होने पर स्वाइन फ्लू की जांच निचले स्तर पर ही उपलब्ध हो जाएगी और मरीजों को इसका बड़ा फायदा मिलेगा। सरकार निरोगी राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ रही है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी भी तरह की कमी लोगों को महसूस नहीं होने देगी।

### राज्य में मौत

2012 में 165, 2013 में 165, 2014 में 134, 2015 में 472,2016 में 146, 2017 में 263, 2018 में 221, 2019 में 208 स्वाइन फ्लू मरीजों की मौत हो गई थी।

*(चिकित्सा विभाग के आंकड़े)*

*स्वाइन फ्लू* के विशेषज्ञ डॉक्टर जीएल गुप्ता का कहना है कि यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। समय रहते इसकी पहचान कर इसका इलाज संभव है और मरीज को ठीक किया जा सकता है। स्वाइन फ्लू से हुई मौतों के ज्यादातर मामलों में सामने आया है कि मरीज अस्पताल देरी से पहंचता है। इस रोग में छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। सरकार के अस्पतालों में सुविधाओं की कमी के कारण कुछ साल में हाहाकार मचा पर अब सरकार जिला स्तर पर ही जांच और उपचार की व्यवस्था को ठीक कर रही है तो आने वाले समय में इस पर काबू पाना संभव होगा। गुप्ता का कहना है कि स्वाइन फ्लू के लक्षणों में गले में दर्द, नाक बहना और तेज बुखार आना प्रमुख है। मरीज के ऐसे लक्षण दिखने पर उसे फौरन ही डॉक्टर से परामर्श लेकर उपचार शुरू कर देना चाहिए।




## कोरोना : त्वरित प्रतिक्रिया दल बनेंगे

**भाषा**
जयपुर।

राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा ने कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीज को ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यहां के एक अस्पताल में भर्ती कोरोनो वायरस के संदिग्ध मरीज और इटली के पर्यटक से संपर्क में आए लोगों की जांच कराने को कहा है।डॉ शर्मा ने संदिग्ध मरीज के राजस्थान की सीमा में प्रवेश से लेकर भ्रमण किए गए विभिन्न स्थलों पर चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया टीम भेजकर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इस पर्यटक से संपर्क में आए सभी व्यक्तियों की जांच सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि इटली से 20 पर्यटकों का दल राज्य के मण्डावा, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, उदयपुर होते हुए जयपुर पहंचा था। यहां पहुंचने पर एक पर्यटक के बीमार होने पर उसे स्थानीय निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया था एवं वहां से रैफर होने के बाद एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

# तत्काल नागरिकता चाह रहे हैं मजनूं का टीला पहुंचे पाकिस्तानी सिख शरणार्थी परिवार

**प्रियरंजन**
नई दिल्ली।

सीएए के तहत नागरिकता पाने का पहला दावा सिखों की तरफ से किया गया है। इस समय पाकिस्तान से आए लगभग 160 शरणार्थी परिवार भारतीय नागरिकता की आशा में दिल्ली में मौजूद हैं। इनमें से 60 परिवार वे हैं जो 2 से 16 फरवरी 2020 के बीच नई दिल्ली पहुंचे हैं। यहां पहुंचा नया जत्था भारत की नागरिकता मिलने तक अपनी पहचान उजागर करना नहीं चाहता। दिल्ली के सिख नेताओं के मार्फत उन्होंने अपनी मांग केंद्र सरकार तक पहुंचाई है। ये परिवार यहां यमुना किनारे गुरुद्वारा मजनू का टीला के दक्षिण छोर पर अस्थायी ढांचा बनाकर रह रहे हैं। इनमें कुछ हिंदू भी हैं। पाकिस्तानी हिंदू सिख शरणार्थियों को तत्काल नागरिकता प्रदान करने का अनुरोध किया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इनकी मांगों को लेकर गृह मंत्रालय के साथ सूत्रधार बनी है। जब तक उन्हें स्थायी तौर पर नागरिकता नहीं मिल जाती, गुरुद्वारा कमेटी पाकिस्तान से आए हिंदू सिख शरणार्थी परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा आदि की सुविधा प्रदान करेगी। इसकी पुष्टि कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने की।

कमेटी के पदाधिकारियों व सिख नेताओं की मानें तो शरणार्थी परिवारों के कई सदस्य व्यवसायिक तौर पर कुशल पेशेवर हैं। वे अपनी सेवाओं के जरिए अपना यापन करने में सक्षम हैं। देश के विकास व अर्थवव्यवस्था में अपना योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने नया जीवन शुरू करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह से उनको नागरिकता प्रदान कर भारतीय बनाने का अनुरोध किया। बकौल सिरसा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इस बाबत केंद्रीय गृह मंत्री से बात की। सरकार का रूख सकारात्मक है। गृह मंत्री ने केंद्रीय गृह सचिव को इस सिलसिले में तत्काल वैधानिक विकल्प खोजने का निर्देश दिया है। आशा है पीड़ित शरणार्थियों को जल्द ही राहत मिलेगी।

### क्या चाहते हैं पाक के शरणार्थी युवा

शरणार्थी परिवारों के युवक-युवतियों की ओर से भारतीय सेना तथा अर्धसैनिक बलों में अपनी सेवाएं देने की इच्छा जताई है। वे सीमा पर चौकसी को तैयार हैं। इन परिवारों ने वीजा शर्तों में छूट देने का अनुरोध किया है। इन परिवार के लोग खासकर युवक-युवतियों भारत के दूसरे हिस्सों में भी आने जाने की छूट चाहते हैं ताकि वे रोजगार-शिक्षा आदि के लिए अन्य जगह यात्रा कर सकें। इस समय उनकी वीजा शर्तों के अनुसार वे केवल दिल्ली या हरिद्वार में ही रह सकते हैं। पाक के ये लोग नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) के लिए भारत के ऋणी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। वे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री से मिलना चाहते हैं। उनका कहना है कि सीएए की वजह से उनका भारत में रहने का सपना साकार होगा। वे चाहते हैं कि उन्हें सम्मानजनक जीवन यापन के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप सुविधाएं तथा लाभ प्रदान किए जाए।

दिल्ली



*नागरिकता* दिलाने के लिए सिख समुदाय आगे आया, गृह मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल।
*कमेटी* अपने स्कूलों में बच्चों के दाखिला को तैयार, सिसोदिया से ध्यान देने की अपील।

### शरणार्थी की नौबत क्यों

बकौल सिरसा पाकिस्तान में हिंदू सिख अल्पसंख्यकों के मानवीय अधिकारों का बड़े पैमाने पर उल्लघंन किया जाता है। हिंदू-सिख परिवार में मौत पर पार्थिव शरीर को जलाने तक पर यह कहकर अड़चन लगाते हैं कि पार्थिव शरीर को जलाने से वातावरण में बदबू फैलेगी। वे लाश को दफनाने के लिए दबाव डालते हैं।

पाकिस्तान में युवा हिंदू और सिख लड़कियों का अपहरण करके उनकी जबरदस्ती विवाह किया जा रहा है। सारा तंत्र वहां के अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान में दो महीनों में 53 हिंदू सिख लड़कियों का अपहरण करके उनकी इच्छा के विरूद्ध जबरदस्ती विवाह करके उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने पर मजबूर किया गया है। हाल ही में सिंध प्रांत में 17 साल की हिंदू लड़की कोमल कुमारी का अपहरण किया गया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दबाव व अनेक मानवाधिकार संगठनों के पुरजोर विरोध के बावजूद जगजीत कौर और महक कुमारी के जबरन धर्म परिवर्तन और शादी के मामलों में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

यहां मौजूद सोना दास पाकिस्तान में सिंध प्रांत के हैदराबाद में रहते थे। वे कहते हैं कि हिंदू होने की वजह से उनके साथ भेदभाव किया गया। उन्हें परेशान किया गया। उनकी संपत्ति हड़प ली गई। अब उनका देश भारत ही है। एक अन्य शरणार्थी सुखनंद का मानना है कि भारत में आकर इनकी स्थितियां बेहतर हुई हैं। नागरिकता मिल जाने से वे तन से भी भारतीय हो जाएंगे।

# सर्पदंश : जागरूकता व बेहतर इलाज से घटी दम तोड़ने वालों की संख्या

**शंकर जालान**
कोलकाता।

जहां बिहार, झारखंड, असम व ओड़िशा में सांप के काटने से मरने वालों की संख्या में साल-दर-साल इजाफा हो रहा है वहीं, पश्चिम बंगाल में 2014 के बाद से हर साल सांप के काटने से मरने वालों की संख्या में कमी आई है, जिसकी मुख्य वजह लोगों की जागरूकता व बेहतर इलाज को माना जा रहा है।

सर्पदंश से मौतों के मामले में पड़ोसी राज्यों की तुलना में बंगाल की स्थिति काफी बेहतर है। पांच साल (2014-2018) के दौरान बंगाल में 5300 से ज्यादा लोगों को सांप ने डंसा और केवल 17 लोगों की मौत हुई। इसी अवधि के दौरान बिहार में 35, झारखंड में 36, असम में 26 व ओडिशा में 43 लोग सर्पदंश से मरे, जबकि इन राज्यों में बंगाल की तुलना में सांप ने कम लोगों को काटा है। बिहार में 3388, झारखंड में 3763,असम में 2977 व ओडिशा में 4060 लोगों को सांप ने काटा। सूत्र बताते हैं कि बंगाल के विभिन्न जिलों में जागरूकता व सरकारी अस्पतालों में नई तकनीकी और पर्याप्त मात्रा में नई दवाओं के चलन के कारण सर्पदंश से मौत के मामलों में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। जानकारों के मुताबिक राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से सांपों की सही तरीके से पहचान करने और उनके डंसने पर प्राथमिक इलाज के बारे में जागरूकता फैलाने के सकारात्मक नतीजे मिल रहे हैं। लोगों को सांप का रंग-रूप देखकर पहचानने के बारे में बताया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक प्रत्येक सरकारी अस्पताल में सांपों के बारे में दीवारों पर लिखित रूप से विस्तृत जानकारी दी गई है। करैत, कोबरा, चंद्रगोड़ा समेत अन्य विषधर सांपों की जानकारी देने वाली किताबें भी हरेक सरकारी अस्पताल में रखी गई हैं। इतना ही नहीं, जिला स्तर पर लोगों को विषधर सांपों को पहचानने की जानकारी दी जा रही है। नतीजतन जागरूकता बढ़ी है और सही समय पर सही कदम उठाकर जिंदगियां बचाई जा रही हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में हरेक तरह के सांप के विष को निष्क्रिय करने के लिए एंटी-वेनम इंजेक्शन मौजूद हैं। सर्पदंश के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने में देर करने या ओझा के पास ले जाने के कारण ज्यादातर मौतें होती हैं। इस बाबत सूबे की स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने जनसत्ता को बताया कि यह तृणमूल सरकार के सकारात्मक प्रयास और लोगों व चिकित्सकों के बीच सांपों को लेकर बढ़ी जागरूकता का ही नतीजा है।

बंगाल

*जागरूकता* व सरकारी अस्पतालों में नई तकनीकी और पर्याप्त मात्रा में नई दवाओं के चलन के कारण सर्पदंश से मौत के मामलों में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है।

# योग शिविर का मूलमंत्र : जीवन शैली में बदलाव ही सबसे बड़ी औषधि

**सुनील दत्त पांडेय**
देहरादून।

अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में परिवर्तन कर दे तो उसके लिए उससे बड़ी कोई औषधि नहीं है। मनुष्य का आहार, विचार और व्यवहार सही हो तो मनुष्य का हर प्रकार के रोगों से विशेषकर ह्रदय रोग, ब्रेन स्ट्रोक और कैंसर जैसी जानलेवा रोगों से बचाव होगा। भारत में आज जिस तेजी के साथ लोगों का आहार, विचार और व्यवहार बदल रहा है और जो जीवन शैली अपनाई जा रही है, उससे आने वाले समय में भारत में ह्रदय, ब्रेन स्ट्रोक और कैंसर के रोगियों की तादाद बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी और इन रोगों से मरने वालों की तादाद सबसे ज्यादा होगी, इसीलिए मनुष्य को अभी से अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना चाहिए ताकि इन रोगों से बचा जा सके।

उत्तराखंड

मनुष्य की जीवन शैली में परिवर्तन लाने के लिए आजकल हरिद्वार के रामकृष्ण मिशन मठ व रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल में छह दिवसीय स्वास्थ्य योग शिविर चल रहा है जो 6 मार्च तक चलेगा। इसमें चिकित्सकों को जीवनशैली में परिवर्तन लाने की कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।

अमेरिका से आए वरिष्ठ ह्रदय रोग चिकित्सक डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा इस शिविर में शिरकत कर रहे हैं। मनुष्य अपनी जीवन शैली में किस तरह से बदलाव करे, इस बारे में डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि मनुष्य को इन रोगों से बचाव के लिए विभिन्न तरह के फल-सब्जियां, विभिन्न प्रकार की दालें, चोकर वाला ब्राउन आटा, ब्राउन चावल जैसे खाद्य पदार्थों का उपयोग करना चाहिए। दूध और दूध से बने पदार्थों, चीनी, नमक, सफेद आटा, सफेद चावल, मैदा, नूडल्स, तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए। यदि हम इस तरह के खाद्य पदार्थों का सेवन करेंगे तो उससे हमारी खून को प्रवाहित करने वाली नलिया अवरुद्ध हो जाएंगी और ह्रदय रोग, ब्रेन स्ट्रोक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। खानपान का मनुष्य के स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। सबसे अच्छी औषधि जीवन शैली ही है। हमारी जीवनशैली ही हमारे स्वास्थ्य पर सबसे अधिक असर डालती है/डॉक्टर शर्मा के मुताबिक योग, ध्यान, प्राणायाम, सुबह शाम पैदल घूमने से हमारे शरीर में मोटापा कम होगा और हमारा जीवन स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें शाकाहारी भोजन को अपनाना चाहिए और सिगरेट, मांस-मदिरा के सेवन से बचना चाहिए। इनकी जगह हमें नट्स, चना, मटर, राजमा, लोबिया, छोले इत्यादि लेना चाहिए जिनसे हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और हमें प्रोटीन की मात्रा भी भरपूर मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हरिद्वार तो योग के लिए जाना जाता है। यहां स्वामी रामदेव जैसे योगाचार्य हैं, जो योग के बारे में रात दिन बताते रहते हैं। योग से मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि जितना हम प्रकृति से जुड़ेंगे, उतना ही हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहगा।`हरिद्वार की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सरोज नैथानी का कहना है कि मिशन में चल रहे छह दिवसीय स्वास्थ्य योग शिविर को जनता से जोड़ने के लिए हमारा विभाग कई स्तर पर कार्य कर रहा है और मैंने खुद ही शिविर में हिस्सा लेकर मिशन की इस अनुपम-अभिनव पहल को जाना समझा है।

*श्री रामकृष्ण* मठ एवं सेवाश्रम के सचिव स्वामी नित्यशुद्धानंद महाराज का कहना है कि छह दिन के स्वास्थ्य योग शिविर के जरिए वर्तमान आपाधापी के दौर में मनुष्य को उसकी जीवनशैली में कैसे बदलाव लाया जा सकता है, इसके सरल उपाय बताए जा रहे हैं और डॉक्टर शर्मा इस बारे में बेहतर उपाय आमजन और चिकित्सकों को बता रहे हैं।





**डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि मनुष्य को इन रोगों से बचाव के लिए विभिन्न तरह के फल-सब्जियां, विभिन्न प्रकार की दालें, चोकर वाला ब्राउन आटा, ब्राउन चावल जैसे खाद्य पदार्थों का उपयोग करना चाहिए।**

*छह दिवसीय स्*वास्थ्य योग शिविर के संयोजक स्वामी दयाधिपानंद डॉ शिवकुमार महाराज का कहना है कि इस शिविर की थीम है- स्वस्थ जीवन, समृद्ध जीवन और साकार जीवन।



# एक ओर महिला सशक्तिकरण, दूसरी ओर बाल विवाह का अभिशाप

**तमन्ना अख्तर**
खारोडा (गुरुग्राम)।

कहा जाता है कि अकेला गुरुग्राम ही पूरे हरियाणा की अर्थव्यवस्था को तो संभालता ही है, साथ ही देश की आर्थिकी को भी काफी मजबूती देता है। ऐसे अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर जिले के गांवों की तरफ निगाह दौड़ाई जाए तो तस्वीर कुछ और ही नजर आती है। शहर में महिला उद्यमियों और इंजीनियरों को देख जहां महिला सशक्तिकरण के नारे बुलंद होते हैं, वहीं इसके साथ ही सटे गांवों में बाल विवाह, लड़कियों के घरों के काम तक ही सीमित रहने, किसी भी महत्त्वपूर्ण फैसले में उनकी न के बराबर भागीदारी की घटनाएं हर घर-परिवार में स्पष्ट दिखाई देती हैं। शहर और इसके गांवों के बीच में इतनी बड़ी खाई नजर आती है जिसे भर पाना आसान नजर नहीं आता।

हरियाणा

जिले के सोहना तहसील के तहत खारोडा में 2011 के जनगणना के मुताबिक कुल साक्षरता दर 65 प्रतिशत है, जिसमें महिला साक्षरता दर 26.3 फीसद है। लड़की घर की इज्जत, जातिवाद, परंपरा, लोग क्या कहेंगे, जैसे वाक्य यहां आज भी उतने ही मजबूत है जितने की बरसों पहले थे।

गांव में कक्षा नौंवी में पढ़ने वाली स्नेहा (बदला हुआ नाम) महज 14 साल की है। उसकी शादी को एक साल हो गया है। वह बताती है, 'मेरी शादी को एक साल हो गया है। मेरे पति 12वीं में पढ़ते है। फिलहाल मैं अपने मां-पापा के साथ रहती है। बाकी मेरी 12वीं होने के बाद की कहानी मेरे ससुराल वाले तय करेंगे।' स्नेहा से जब शादी के मायने पूछे गए तो जवाब मिला, 'शादी मतलब ढेर सारे नए कपड़े...मैं जितना मर्जी जब मर्जी मेकअप कर सकती हूं। चूंकि शादी मेरी है तो मेरे घर वाले उस दिन सजने-संवरने के लिए टोकेंगे नहीं। यह कितनी बड़ी आजादी है।' उसी की सहपाठी शमा (बदला हुआ नाम), जो फिलहाल पढ़ाई छोड़ चुकी है, की शादी एक मार्च को है। उसका पति एक कंपनी में कार्यरत है। शमा ने शादी को लेकर कहा, 'मेरे घर में सिर्फ मेरे भाई की चलती है। मेरा सोचना किसी के लिए मायने नहीं रखता। घर वालों ने तय कर दिया तो मैं भी खुश हूं।'

मेकअप, नए कपड़े, जेवर, पर्स जैसे चीजों की चमक ही है जो इनकी मर्जी से इनकी आंखों में है बाकी जिंदगी की डोर पहले पिता/भाई और बाद में ससुराल वालों को सौंप दी जाती है। एक ही जैसे विचारधारा के साथ वहां बैठी सभी लड़कियां बोली, 'हमारे यहां ऐसा होता है और हमें इससे कोई आपत्ति भी नहीं है।



*खट्टर* सरकार सिर्फ कानून बनाकर खानापूरी करने में विश्वास नहीं करती बल्कि उन्हें अमली रूप देने के लिए ठोस कदम भी उठाती है। इसी का परिणाम है कि हरियाणा में लिंगानुपात कम हुआ है। बाल विवाह आदि समस्याओं को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं और इसमें किसी भी तरह की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।
*-कमलेश डांढा, हरियाणा महिला एवं बाल विकास (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री*

*समाज* की कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए आयोग प्रयासरत है। हमने इस बाबत राज्य आयोग बना रखे हैं। इस संदर्भ हम दो तरह से काम करते है- पहला निवारक उपाय और दूसरा रोकथाम उपाय। निवारक उपाय में हम कानून की मदद ले ऐसी घटनाओं को रोकते हैं और शादियों के सीजन में हम जगह-जगह अध्यादेश जारी करते हैं। दूसरी ओर रोकथाम में हम कार्यशालाएं आयोजित कर लोगों को जागरूक करते हैं ताकि वह निजी स्तर पर ऐसा न होने दें।
*-प्रियंक कानूनगो, अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग*



'*बदलाव* एक दिन में तो आता नहीं। धीरे-धीरे कुरीतियों से लड़ना होगा। एक के साथ जब कई आवाज मिलेंगी तो बदलाव भी आएगा और लोग जागरूक भी होंगे।', सेल्फी विद डॉटर के संस्थापक ***सुनील जागलान***, जो इन किशोरियों को अपने लिए खड़े होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, का कहना है कि एकदिन खड़े होकर अगर आप बरसों से चली आ रही किसी रीत रिवाज को गलत कह दोगे तो जाहिर है लोग आपको चुप करा देंगे।



www.readwhere.com

# संरा मानवधिकार उच्चायुक्त के कदम पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया जताई

**पेज 1 का बाकी**

की रक्षा व उसे बढ़ावा देने और उस संबंध में जरूरी वकालत करने के लिए मिले अधिदेश के आधार पर न्यायमित्र (तीसरे पक्ष) के तौर पर हस्तक्षेप करना चाहती हैं।

भारत ने ओएचसीएचआर की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि सीएए भारत का आंतरिक मामला है और भारतीय संसद के पास कानून बनाने की ताकत है। हमें विश्वास है कि कोई बाहरी पार्टी इस भारत के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि सीएए संवैधानिक रूप से वैध है और उसमें सभी संवैधानिक मूल्यों का समावेश है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, 'जेनेवा स्थित हमारे मिशन को जानकारी दी गई कि संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त की ओर से सुप्रीम कोर्ट में नागरिकता संशोधन अधिनियम पर हस्तक्षेप याचिका दायर की गई है। यह भारत का आंतरिक मामला है और इसमें कोई बाहरी पार्टी हस्तक्षेप नहीं कर सकती।' संरा की संस्था ने सीएए के घोषित उद्देश्य का स्वागत किया, लेकिन प्रताड़ित मुसलमानों के विभिन्न संप्रदायों को इस कानून के दायरे से बाहर रखने का मुद्दा उठाया।

उसने अपनी अर्जी में कहा, 'अनियमित हालात में सीएए शरणार्थियों सहित उन हजारों आव्रजकों को लाभ पहुंचा सकता है जिन्हें सामान्य स्थिति में अपने मूल देश में मुकदमों से बचने और नागरिकता प्राप्त करके कार्रवाई से बचने में समस्या हो सकती थी। यह प्रशंसा योग्य उद्देश्य है। लेकिन उन देशों में धार्मिक अल्पसंख्यक हैं, विशेष रूप से मुसलमान समुदाय से जुड़े, जैसे... अहमदिया, हजारा और शिया मुसलमान, जिनके हालात ऐसे हैं कि उन्हें भी समान आधार पर सुरक्षा की जरूरत है, जिनके आधार पर सीएए में अन्य की सुरक्षा की गई है।'

# पिस्तौल तानने वाला शाहरुख गिरफ्तार

**पेज 1 का बाकी**

अतिरिक्त आयुक्त अजीत कुमार सिंगला ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि सोमवार को दिल्ली पुलिस के एएसआई इस्माइल और अब्दुल बरकत को सूचना मिली कि दस बजे से 12 बजे दोपहर के बीच शाहरुख उत्तरप्रदेश के शामली बस स्टेंड पर अपने जानकार से मिलने के लिए आने वाला है। पुलिस ने एक टीम का गठन करके उसे बताए गए ठिकाने पर तैनात किया गया। जैसे ही शाहरुख बस स्टेंड पर आया, उसे दबोच लिया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया। पुलिस का कहना है कि उस पिस्तौल को बरामद करने की कोशिश की जा रही है जो शाहरुख ने इस्तेमाल की थी। पूछताछ में शाहरुख ने कहा कि उसने गुस्से के कारण विरोध प्रदर्शन के दौरान गोलीबारी की। उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। उसने दो साल पहले अपने एक कर्मचारी के नाम से 7.65 एमएम की पिस्तौल ली थी। उसके पिता के खिलाफ किसी प्रकार के मामले दर्ज है या नहीं इसकी भी जांच पुलिस कर रही है। दंगा प्रभावित जाफराबाद-मौजपुर रोड पर 25 फरवरी को उसने प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी दीपक दहिया पर पिस्तौल तान दी थी। दहिया ने हालांकि उसे उलझाए रखा लेकिन इसी का फायदा उठाते हुए शाहरुख फरार हो गया। कुछ देर के बाद जब उसने टीवी पर अपनी तस्वीर देखी तो वह दिल्ली से भाग खड़ा हुआ। दिल्ली से भागने के बाद वह बरेली और शामली इलाके में रुका।

# प्रेरक महिलाओं की गाथाएं साझा करें

**पेज 1 का बाकी**

को प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया था, 'सोच रहा हूं कि इस रविवार को फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राम व यूट्यूब पर अपना सोशल मीडिया अकाउंट छोड़ दूं। आप सभी को जानकारी दूंगा।' आज उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'इस महिला दिवस (8 मार्च) पर, मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट ऐसी महिलाओं को सौंप दूंगा जिनका जीवन और कार्य हमें प्रेरित करते हैं। इससे लाखों लोगों को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।' उन्होंने आगे लिखा, 'क्या आप इस तरह की महिला हैं या आप इसी तरह की किसी प्रेरणास्पद महिला को जानते हैं? 'हैशटैग शीइन्सपायरअस' (वह हमें प्रेरित करती हैं) के साथ ऐसी गाथाएं साझा करिए।' प्रधानमंत्री ने सोमवार रात को यह ट्वीट कर सोशल मीडिया में हलचल पैदा कर दी थी। मोदी के इस ट्वीट को एक घंटे के भीतर करीब 26 हजार बार रीट्वीट किया गया।

## दरअसल




# चर्चा से भाग रही है केंद्र सरकार : अधीर रंजन

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सदन में घोषणा की कि दिल्ली में पिछले दिनों हुए दंगों के दौरान हुई हिंसा के मुद्दे पर होली के बाद सदन में चर्चा होगी। अध्यक्ष ने कहा कि सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि दिल्ली हिंसा पर चर्चा के लिए आसन के निर्णय को स्वीकार किया जाएगा। लेकिन उनकी इस व्यवस्था से विपक्षी सदस्य एकदम से बिफर पड़े। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि असल में सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से भागना चाहती है क्योंकि उसके पास बताने के लिए कोई जवाब नहीं है।

कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी व के जी सुरेश ने संवाददाताओं से कहा कि असल में सरकार चर्चा से भगना चाह रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक में यह तय किया गया था कि दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सदन पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखने के बाद कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। लेकिन हुआ यह कि सरकार इसी बहाने अपने विधेयक पारित कराने में जुट गई। यह गलत बात हुई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है। पूरी हुकूमत यहां बैठी है फिर भी यहां इतनी व्यापक हिंसा हुई। इस पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए तो कहा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सच बात तो यह है कि सरकार चर्चा से भागना चाहती है। उसकी दिक्कत यह है कि उसके पास जवाब नहीं है। इससे पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भी संवाददाताओं से कहा कि सरकार दिल्ली के मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है।

# भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया

## विदेश मंत्रालय ने ईरानी विदेश मंत्री के बयान को 'चुनिंदा और पक्षपातपूर्ण' बताया

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

भारत ने मंगलवार को ईरान के राजदूत अली चेगेनी को तलब किया और दिल्ली हिंसा के बारे में ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ द्वारा की गई टिप्पणी पर कड़ा एतराज जताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि ईरान के राजदूत को यह बताया गया कि दिल्ली की घटनाओं पर जरीफ का 'चुनिंदा और पक्षपातपूर्ण' बयान अस्वीकार्य है।

जरीफ ने सोमवार को ट्वीट किया था कि ईरान भारतीय मुसलिमों के खिलाफ संगठित रूप से की गई हिंसा की भर्त्सना करता है और वह भारतीय अधिकारियों से निरर्थक हिंसा नहीं होने देने की अपील करता है। रवीश कुमार ने कहा कि भारत ईरान जैसे देश से ऐसे बयान की उम्मीद नहीं करता है। उन्होंने बताया, 'दिल्ली में ईरान के राजदूत को मंगलवार को तलब किया गया और ईरान के विदेश मंत्री द्वारा अवांछनीय टिप्पणी किए जाने पर कड़ा विरोध जताया गया। यह बताया गया कि दिल्ली की हाल की घटनाओं पर उनके चुनिंदा एवं पक्षपातपूर्ण बयान स्वीकार्य नहीं हैं। हम ईरान जैसे देश से ऐसे बयान की उम्मीद नहीं करते हैं।'

ईरान पर अमेरिका की पाबंदियों के बावजूद भारत उसके साथ मधुर संबंध बनाए हुए है और वह इस खाड़ी देश में सामरिक रूप महत्त्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह के विकास में सक्रियता से शामिल है।

जरीफ अमेरिकी सैन्य हमले में शीर्ष ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी के मारे जाने को लेकर ट्रंप प्रशासन के साथ ईरान के बढ़ते तनाव के बीच जनवरी में भारत आए थे।

जरीफ ने सोमवार को ट्वीट किया था, 'भारतीय मुसलिमों के खिलाफ संगठित रूप से की गई हिंसा की ईरान भर्त्सना करता है। सदियों से ईरान भारत का मित्र रहा है। हम भारतीय अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि वे सभी भारतीयों की सलामती सुनिश्चित करें और निरर्थक हिंसा को फैलने से रोकें। आगे बढ़ने का मार्ग शांतिपूर्ण संवाद और कानून का पालन करने से प्रशस्त होगा।'

# दिल्ली दंगों पर चर्चा को लेकर संसद में फिर हंगामा, गतिरोध कायम

**पेज 1 का बाकी**

विपक्ष के हंगामे के चलते प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो पाया। इस मुद्दे पर दोनों सदनों में सोमवार को भी गतिरोध रहा था। लोकसभा में हंगामे के बीच ही सरकार ने बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 को पारित कराने का प्रयास किया। इससे विपक्षी सदस्यों का विरोध और तेज हो गया।

लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने के मामले में अपनी व्यवस्था देते हुए अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा-देशहित को ध्यान में रखते हुए मैं व्यवस्था देता हूं कि होली के बाद 11 मार्च को इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए। होली सौहार्दपूर्ण तरीके से मननी चाहिए। सरकार इस विषय पर चर्चा को तैयार है। इस दौरान विपक्ष के सदस्य असंतोष प्रकट करने लगे। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सदन चर्चा के लिए होता है, वाद-विवाद के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि हम सभी होली अच्छी तरह से मनाएं और उसके बाद सौहार्दपूर्ण चर्चा करें।

हंगामे के बीच ही अध्यक्ष ने बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 पेश कराया। विधेयक की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हंगामा कर रहे विपक्ष के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये लोग उन छोटे निवेशकों की मांग दबा रहे हैं जिन्होंने कठिनाइयों का सामना किया है। हंगामे के बीच ही सरकार ने विधेयक से संबंधित कुछ संशोधन पारित कराए।

उधर कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी और वाम दलों समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने आसन के समीप नारेबाजी तेज कर दी। वे आसन के पास पहुंचकर विधेयक को हंगामे के बीच पारित कराने के प्रयासों का कड़ा विरोध कर रहे थे। इसी बीच सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी सत्ता पक्ष की सीटों की तरफ से होते हुए आसन के समीप पहुंच गए। उन्हें रोकने के लिए भाजपा की लॉकेट चटर्जी आ गईं। हालांकि भाजपा के कुछ सदस्यों ने चटर्जी को रोक दिया।

इस बीच भाजपा की कुछ और महिला सदस्य बीच में आकर खड़ी हो गईं और कांग्रेस की राम्या हरिदास, ज्योतिमणि समेत अन्य विपक्षी सदस्यों को सत्तापक्ष की तरफ बढ़ने से रोकने लगीं। हंगामा और तेज हो गया तथा सत्तापक्ष और विपक्ष के कुछ सदस्यों के बीच धक्कामुक्की की स्थिति बन गई।

# इटली के 21 पर्यटकों को आइटीबीपी कैंप लाया गया

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

नोवेल कोरोना वायरस की स्थिति पर कैबिनेट सचिव ने मंगलवार को मंत्रालयों के सचिवों, राज्यों के मुख्य सचिवों व स्वास्थ्य सचिवों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इसमें बताया गया कि जयपुर गए 21 इतावली पर्यटकों और तीन बस कर्मचारियों को आइटीबीपी के कैम्प में लाया गया है। उनकी स्थिति को देखने के बाद आगे निर्णय किए जाएंगे।

बैठक के दौरान राज्यों से पृथक वार्ड बढ़ाने के लिए कहा गया।

सरकार ने श्रम विभाग, सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, मेडिकल कॉलेजों और सार्वजनिक उपक्रमों को अपने यहां पृथक वार्ड बनाने के लिए भी कहा है।

बैठक में यह तय किया गया जिला कलेक्टर अपने जिलों में कलस्टर प्रबंधन के कार्य में लगेंगे। ये जिला, खंड और गाव के स्तर पर संयोजन की बैठक करेंगे और मानक संचालन प्रक्रियाओं का लागू कराएंगे।

# चार देशों के नागरिकों को तीन मार्च तक जारी वीजा निलंबित

## शंघाई और हांगकांग की सीधी उड़ानें रोकी गईं

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

भारत में कोरोना वायरस के ताजा मामले सामने आने के बाद सरकार ने मंगलवार को एक यात्रा परामर्श जारी करके तीन मार्च को या उससे पहले इटली, ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान के उन नागरिकों को जारी नियमित वीजा या ई-वीजा निलंबित कर दिया, जिन्होंने अभी तक भारत में प्रवेश नहीं किया है। परामर्श के बाद भारत सरकार ने कई देशों की उड़ानें रद्द कर दी हैं। शंघाई और हांगकांग के लिए सीधी उड़ानें रोक दी गई हैं। सियोल, तोक्यो, मिलान, सिंगापुर, बैंकाक की उड़ानें कम कर दी गई हैं।

साथ ही परामर्श में तीन मार्च तक जापान और दक्षिण कोरिया के नागरिकों को जारी आगमन पर वीजा (वीओए) निलंबित कर दिया है, जिन्होंने अभी तक भारत में प्रवेश नहीं किया है। परामर्श में कहा गया है कि जिन लोगों के भारत की यात्रा करने के न टाल सकने वाले कारण हैं वे निकटतम भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

इससे पहले चीन के नागरिकों को पांच फरवरी या उससे पहले जारी नियमित (स्टिकर) वीजा या ई-वीजा को निलंबित किया गया था। यह अभी भी लागू रहेगा। जिन लोगों के भारत की यात्रा करने के न टाल सकने वाले कारण हैं वे नजदीकी भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

परामर्श में कहा गया है कि उन सभी विदेशी नागरिकों को जारी नियमित (स्टिकर) वीजा या ई-वीजा अब तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाते हैं जिन्होंने चीन, ईरान, इटली, दक्षिण कोरिया और जापान की एक फरवरी या उसके बाद यात्रा की है और जिन्होंने अभी तक भारत में प्रवेश नहीं किया है। इन देशों से वाले संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सदस्यों को भारत आने दिया जाएगा, हालांकि इन सभी की स्क्रीनिंग होती रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक, जो भी नागरिक कुछ देशों की यात्रा कर आ रहे हैं, फिर चाहे वो भारतीय हों या फिर विदेशी- उनकी जांच हवाई अड्डे पर जरूर की जाएगी। इन देशों में चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, ईरान, इटली, हांगकांग, मकाऊ, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, नेपाल, थाईलैंड, सिंगापुर, ताइवान जैसे देश हैं।

# अधीर रंजन चौधरी के कर्मचारी से मारपीट

**पेज 1 का बाकी**

दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि वे मामले की जांच कर साक्ष्य जमा कर रहे हैं।

बता दें कि चौधरी ने लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली दंगों के मामले को बहुत मुस्तैदी से उठाया और इस मुद्दे पर होली के बाद चर्चा कराए जाने संबंधी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया। बाद में संसद परिसर में चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है। इस बीच कांग्रेस ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कहा है कि दिल्ली पुलिस को त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

# लोकपाल : सरकार ने शिकायत दाखिल करने के प्रारूप जारी किए

**पेज 1 का बाकी**

मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक रूप से शिकायत करने पर उसके 15 दिनों के अंदर उसकी प्रति जमा करनी होगी। आदेश में कहा गया है, 'अगर शिकायत हर पहलू से पूर्ण होगा तो लोकपाल इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त उक्त शिकायत को लंबित नहीं रखेगा। आदेश के अनुसार शिकायत में जनसेवक के जरिए किए गए किसी भी अपराध के आरोपों का ब्योरा होगा। जनसेवक में प्रधानमंत्री भी शामिल हैं। आदेश के मुताबिक लोकपाल हिंदी, गुजराती, असमी, मराठी समेत संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 में से किसी भी भाषा में की गई शिकायत पर गौर कर सकता है। आरोप संबंधी विधिवत हस्ताक्षरित बयान के अलावा शिकायतकर्ता के पास निर्धारित प्रारूप में पहचान संबंधी सबूत की प्रति और संगठन के पंजीकरण या इनकॉरपारेशन का प्रमाणपत्र होना चाहिए।

# पुलवामा हमले में एनआइए ने पिता-पुत्री को गिरफ्तार किया

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 3 मार्च।

पुलवामा आतंकवादी हमले की जांच में मंगलवार को उस वक्त बड़ी सफलता मिली, जब राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने एक व्यक्ति और उसकी बेटी को गिरफ्तार किया, जो कथित रूप से इस हमले की साजिश के चश्मदीद हैं। इस व्यक्ति के घर में पुलवामा के आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार का वीडियो बनाया गया, लेकिन उन लोगों ने इसकी जानकारी छुपाए रखी। इन लोगों के मकान में आतंकी रहे और वहां से अपनी कारगुजारियों को अंजाम देते रहे।

आदिल का अंतिम वीडियो आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद ने जारी किया था। जांच के दौरान एनआइए को जानकारी मिली कि वीडियो दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के हदकीपोरा स्थित एक मकान में बनाया गया है। यह मकान गिरफ्तार किए गए पिता-पुत्री तारिक अहमद शाह और इंशा जान का है।

# दोषियों को फांसी की सारी तैयारियां कर ली थीं : तिहाड़ अधिकारी

नई दिल्ली, 3 मार्च (भाषा)।

दिल्ली की तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्याकांड के चार दोषियों को फांसी पर लटकाने के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर ली थीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चारों दोषियों को मंगलवार सुबह फांसी होनी थी, हालांकि सोमवार की शाम शहर की एक अदालत ने अगले आदेश तक फांसी पर रोक लगा दी थी।

सजा को टालते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने कहा कि राष्ट्रपति के समक्ष लंबित दोषी पवन गुप्ता की दया याचिका के निस्तारण तक फांसी नहीं दी जा सकती। न्यायाधीश ने कहा कि किसी भी दोषी के मन में अपने रचयिता से मिलते समय ये शिकायत नहीं होनी चाहिए कि देश की अदालत ने उसे कानूनी उपायों का इस्तेमाल करने की इजाजत देने में निष्पक्ष रूप से काम नहीं किया।

जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चारों दोषियों को फांसी की सजा देने का वक्त मंगलवार सुबह छह बजे निर्धारित था, इसके लिए हमने सभी जरूरी इंतजाम कर लिए थे।

# देश में छह मामले, आगरा से छह अन्य के नमूने पुणे भेजे

**पेज 1 का बाकी**

कोरोना वायरस के लक्षण विकसित होने पर नमूने लिए गए। नमूने की जांच में उसमें कोरोना वायरस के लक्षण पाए जाने पर नमूने को पुष्टि के लिए पुणे की राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान भेजा गया है।

सोमवार को राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा ने बताया था कि जयपुर में एक इतालवी पर्यटक के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। मंत्री ने बताया कि 29 फरवरी को पहले नमूने में पुष्टि नहीं हुई थी लेकिन पर्यटक की स्थिति बिगड़ने के बाद दूसरा नमूना लिया गया और सोमवार को संक्रमण की पुष्टि हुई।

मंत्रालय के मुताबिक आगरा में नमूना परीक्षण के दौरान 'तेज बुखार' के छह मामलों का पता चला जिसके बाद इन लोगों को पृथक वार्ड में रखा गया है। ये सभी छह लोग दिल्ली के उस मरीज के संपर्क में आए थे जिसका मामला सोमवार को सामने आया था। इन लोगों में उसके परिवार के सदस्य भी हैं। इन छह लोगों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पृथक वार्ड में रखा गया है और उनके नमूने बीमारी के सत्यापन के लिए पुणे के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआइवी) में भेजे गए हैं।

मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि साथ ही साथ समेकित निगरानी कार्यक्रम नेटवर्क के माध्यम से यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन छह लोगों के संपर्क में कौन-कौन लोग आए हैं। सूत्रों ने बताया कि उसके परिवार के अन्य सदस्यों को चौकन्ना रहने को कहा गया है और संबंधित लक्षण आने पर सूचित करने को कहा गया है। इस व्यक्ति के संपर्क में आए एक लेखाकार व उसके परिवार के कुछ सदस्यों को भी अलग रखा गया है।

# नोएडा में कुछ दिनों के लिए दो स्कूल बंद

**पेज 1 का बाकी**

बताया गया है कि पिछले शुक्रवार को दिल्ली के मयूर विहार में एक बच्चे का जन्मदिवस समारोह बनाया गया था, जिसमें करीब 25 लोग शामिल हुए थे। इसमें नोएडा के दो परिवार के छह लोग शामिल हुए थे। जिनमें तीन बच्चे और तीन बड़े थे। इस समारोह में शामिल कारोबारी को कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। जिसने सभी परिवार वालों को इसकी सूचना दे दी।

स्कूल प्रबंधन के मुताबिक कोरोना वायरस की पुष्टि किसी बच्चे में नहीं हुई है। हालांकि पुष्टि स्कूल के एक बच्चे के परिजन में हुई है। स्कूल की तरफ से सभी अभिभावकों और बच्चों को कोरोना वायरस को लेकर संदेश भेजा जाएगा। वाट्सएप ग्रुप के जरिए भी इसकी पुष्टि की जाएगी कि शहर में कोरोना वायरस को लेकर कोई भ्रामक सूचना ना जारी हो। वहीं, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा की करीब एक हजार कंपनियों को नोटिस जारी कर विदेश यात्रा पर जाने और उसके भारत लौटने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देने का नोटिस जारी किया है। दूसरी ओर ईरान, सिंगापुर, चीन समेत 13 देशों से लौटने वाले लोगों को स्क्रीनिंग का आदेश दिया है। कोरोना वायरस के चलते सभी स्कूलों को बंद करने के निर्देश जारी करने का संदेश वायरल होने पर मंगलवार शाम डीएम बी. एन. सिंह ने प्रेसवार्ता में स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी बच्चे में कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं हुई है। साथ ही स्कूल बंद करने का भी कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। स्कूल प्रशासन यदि बंद रखना चाहे, तो रख सकते हैं लेकिन उनकी तरफ से ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। संदेह होने पर आम जनता हेल्पलाइन नंबर 8076623612 व 6396776904 पर फोन कर सकते हैं। इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा में 10 बिस्तर और सेक्टर-30 स्थित सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय में नौ बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं।

# पुख्ता नहीं थर्मल स्क्रिनिंग से कोरोना की जांच

**पेज 1 का बाकी**

वायरस के संक्रमण का नहीं। उन्होंने बताया कि स्क्रिनिंग के दौरान जिन लोगों का तापमान अधिक होता है, उनकी विशेष रूप से जांच की जाती है। मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक इसलिए अब तक जो भी लोग संक्रमित सामने आए हैं, उन्होंने खुद ही अपने संक्रमण के बारे में बताया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने सोमवार को बताया था कि दिल्ली और तेलंगाना में मिले कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के सभी संपर्कों को ढूंढ़ा जा रहा है। इसके बाद उनकी जांच की जाएगी। जांच में नेगेटिव पाए जाने पर भी इन लोगों को 14 दिन तक घर में अलग रहने के लिए कहा जाएगा। डॉक्टर हर्षवर्धन ने यह भी बताया था कि केरल में पाए गए एक संक्रमित व्यक्ति के हमने 162 संपर्कों को ढूंढ़ा था और उन्हें भी निगरानी में रखा गया था।

**नोवेल कोरोना वायरस क्या है?**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नोवेल कोरोना वायरस जानवरों से मनुष्यों में आया है। इससे संक्रमित लोगों को सांस लेने में परेशानी, तेज बुखार, श्वसन तंत्र में संक्रमण आदि होता है। संक्रमण के अधिक बढ़ने पर व्यक्ति को निमोनिया, गंभीर श्वसन संबंधी बीमारी और गुर्दा तक खराब हो सकता है। यह संक्रमण चीन के वुहान शहर से शुरू हुआ है और अब तक यह वायरस 65 देशों तक पहुंच गया है।

# विकास है हमारा मंत्र : मोदी

**पेज 1 का बाकी**

सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दिल्ली हिंसा को लेकर विपक्ष सरकार पर निशाना साध रहा है।

भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर परोक्ष निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक पूर्व प्रधानमंत्री को भारत माता की जय बोलने को लेकर 'बू' आती है और वे इसे संदेह से देखते हैं, जो दुखद है। सूत्रों के अनुसार मोदी ने कहा कि भारत माता की जय के नारे को लेकर उसी प्रकार की आपत्ति उठाई जा रही है जिस प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन के समय वंदे मातरम को लेकर उठाई गई थी।

दरअसल कांग्रेस के अधिवेशन में एक वर्ग राष्ट्रगीत वंदे मातरम के दौरान मौजूद रहता था जबकि एक अन्य वर्ग वाकआउट कर जाता था और वंदे मातरम को गुनाह के रूप में देखता था। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भारत माता की जय के उद्घोष को भी गुनाह बताने का प्रयास किया जा रहा है और एक पूर्व प्रधानमंत्री ऐसा कह रहे हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह ने एक समारोह में कहा था कि राष्-ट्रवाद और भारत माता की जय के नारे का दुरुपयोग किया जा रहा है। सिंह ने कहा था कि इस नारे का इस्तेमाल कर भारत के बारे में भावनात्मक व उग्र राष्ट्रवाद का विचार पैदा किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह देशहित बनाम दल हित की लड़ाई है और पार्टी सांसदों को देश में सौहार्द, शांति व एकता का माहौल बनाने का प्रयास करना चाहिए।

बकौल संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि अब भी कुछ दलों द्वारा पार्टी हित को राष्ट्रीय हितों से ऊपर रखा जाता है, लेकिन हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

प्रधानमंत्री ने बैठक में 'सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास' पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी नेताओं को देश के विकास कार्य में 'मनसा वाचा कर्मणा' के साथ लगना चाहिए। मोदी ने कहा कि हम सभी को देश को बदनाम और अस्थिर करने के प्रयासों को विफल बनाने की जरूरत है व दल हित से बड़ा देश है ।

उन्होंने कहा कि हमें देश हित की लड़ाई लड़नी है, हमें देशहित को बड़ा रखना है, दल हित को पीछे रखना है। बैठक में प्रधानमंत्री ने जन औषधि केंद्र के फायदों को रेखांकित किया। जहां सबसिडी आधारित दरों पर दवाएं बेची जाती हैं।

उन्होंने कहा कि वे सात मार्च को इसके लाभार्थियों से संवाद करेंगे। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत, विदेश मंत्री एस जयशंकर और सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर सहित अन्य मंत्री एवं पार्टी सांसद मौजूद थे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की पुस्तिका भी सांसदों को वितरित की गई।

www.readwhere.com

# कोहली ने निकट भविष्य में बदलाव के संकेत दिए

क्राइस्टचर्च, 3 मार्च (भाषा)।

कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि भारतीय तेज गेंदबाजों की बढ़ती उम्र के कारण टीम के थिंक टैंक ने निकट भविष्य में तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी तैयार करने की जरूरत महसूस की है। जसप्रीत बुमराह के कई और वर्षों तक टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने की उम्मीद है लेकिन इशांत(31) और मोहम्मद शमी(29) पहले ही अपने खेल के शीर्ष पर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा उमेश यादव भी इस साल 33 साल के हो जाएंगे।



*नई प्रतिभाओं* पर ध्यान देने का संकेत देते हुए कोहली ने कहा कि हमें यह पहचान करने की जरूरत है कि अगले तीन-चार खिलाड़ी कौन होंगे जो स्तर को बरकरार रख सकें।

अगले कुछ सालों की योजना को छिपाए बिना कोहली ने कहा, 'ये खिलाड़ी अब युवा नहीं होने वाले, इसलिए हमें बेहद सतर्क और जागरूक रहना होगा और स्वीकार करना होगा कि यह स्थिति है जिसका हमें सामना करना पड़ सकता है और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो उनकी जगह ले सकें।'

नई प्रतिभाओं पर ध्यान देने का संकेत देते हुए कोहली ने कहा, 'बड़ी तस्वीर देखें तो हमें यह पहचान करने की जरूरत है कि अगले तीन-चार खिलाड़ी कौन होंगे जो स्तर को बरकरार रख सकें क्योंकि आप नहीं चाहते कि अगर अचानक कोई बाहर हो जाए तो उसकी कमी महसूस हो।' कोहली ने कहा, 'क्रिकेट में ऐसा ही होता है। समय-समय पर छोटे स्तर पर बदलाव के दौर का सामना करना पड़ता है और आपको इसकी जानकारी होनी चाहिए।

**रणजी ट्रॉफी** 13 साल में पहली बार पहुंचा, 9 को होगा मुकाबला

# कर्नाटक को हरा बंगाल फाइनल में

## तेज गेंदबाज मुकेश ने चटकाए 6 विकेट, करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

कोलकाता, 3 मार्च (भाषा)।

तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने अपने करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने रणजी ट्राफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मंगलवार को यहां कर्नाटक को 174 रन से हराकर 13 साल में पहली बार रणजी ट्राफी फाइनल में जगह बनाई।

मुकेश ने 61 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे 352 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक की टीम दूसरी पारी में 55 .3 ओवर में 177 रन पर ढेर हो गई। बंगाल की ओर से इशान पोरेल और आकाश दीप ने भी दो-दो विकेट चटकाए।

कर्नाटक की टीम तीन विकेट पर 98 रन से आगे खेलने उतरी और टीम ने सुबह के सत्र में 16 . 3 ओवर में 79 रन जोड़कर बाकी बचे सात विकेट भी गंवा दिए। बंगाल ने अपना पिछला रणजी खिताब 1989-90 में सौरव गांगुली के पदार्पण सत्र के दौरान जीता था जबकि टीम ने पिछली बार 2007 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन फाइनल में उसे मुंबई ने 132 रन से हरा दिया था।

फाइनल में बंगाल का सामना गुजरात और सौराष्ट्र के बीच राजकोट में चल रहे एक अन्य सेमीफाइनल के विजेता से होगा। फाइनल नौ मार्च से खेला जाएगा लेकिन बंगाल की टीम को यह मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलना होगा।



*बंगाल* के गेंदबाज आकाश दीप और उनके कंधे पर मुकेश कुमार जीत के बाद खुशी मनाते

## बंगाल की टीम में साहा

कोलकाता, 3 मार्च (भाषा)।

भारत के टैस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को मंगलवार को बंगाल की रणजी ट्राफी टीम में शामिल किया गया जो नौ मार्च से फाइनल खेलेगी। साहा को सलामी बल्लेबाज अभिषेक रमन की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है जो रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। साहा बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन में एतिहासिक दिन-रात्रि टैस्ट के दौरान दायें हाथ की अंगुली में लगी चोट से उबरे हैं। हालांकि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टैस्ट श्रृंखला में 0-2 की हार के दौरान भारत की अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। साहा बंगाल की ओर से पिछली बार 2017-18 सत्र में खेले थे जब उन्होंने चार मैचों में 38.33 की औसत से रन बनाए थे।

# भारत शीर्ष पर बरकरार, कोहली दूसरे स्थान पर

दुबई, 3 मार्च (भाषा)।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टैस्ट श्रृंखला को 0-2 से गंवाने के बाद भी भारतीय टीम मंगलवार को जारी नवीनतम आइसीसी टैस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर बरकरार है जबकि कप्तान विराट कोहली बल्लेबाजों की सूची में दूसरे पायदान पर हैं।

**आइसीसी टैस्ट रैंकिंग**

भारतीय टीम के नाम 116 अंक है जो दूसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड से छह अंक ज्यादा है। आस्ट्रेलिया 108 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। आईसीसी टैस्ट चैंपियनशिप में भारतीय टीम को पहली बार किसी श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा है।

आइसीसी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक श्रृंखला की चार पारियों में महज 38 रन बनाने वाले कोहली बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वह श्रृंखला से पहले रैंकिंग में शीर्ष पर थे लेकिन पहले टैस्ट के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए थे।

# हाथ नहीं मिलाएंगे इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी

लंदन, 3 मार्च (एएफपी)।

इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने कहा है कि उनके खिलाड़ी कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के कारण श्रीलंका दौरे पर हाथ नहीं मिलाएंगे। रूट से सोमवार को कोरोना वायरस से जुड़ा सवाल पूछा गया। इंग्लैंड की टीम दो टैस्ट की श्रृंखला के लिए श्रीलंका दौरे पर जा रही है।

*मुट्ठियां* टकराकर करेंगे अभिवादन

रूट ने कहा कि हाथ मिलाने की जगह खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन मुट्ठियां टकराकर करेंगे। हाल में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर पहले टैस्ट से पूर्व और इसके दौरान इंग्लैंड टीम के कई सदस्यों को पेट में तकलीफ और फ्लू की समस्या से जूझना पड़ा था।

रूट ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका में बीमारी से टीम के सदस्यों के परेशान होने के बाद हम न्यूनतम संपर्क की अहमियत को अच्छी तरह समझते हैं और हमारी मेडिकल टीम ने रोगाणुओं और जीवाणुओं को फैलने से रोकने के लिए हमें व्यावहारिक सलाह दी है।'

# 2020 में कभी भी हो सकता है तोक्यो ओलंपिक का आयोजन

तोक्यो, 3 मार्च (एपी)।

*जापान* में कोरोना के कारण अबतक 12 की मौत *कई* खेल प्रतियोगिताएं और ओलंपिक से जुड़े टूर्नामेंट किए गए स्थगित या रद्द

जापान के ओलंपिक मंत्री ने मंगलवार को कहा कि खेलों के आयोजन के अनुबंध में कहा गया है कि यह खेल महाकुंभ 2020 के दौरान ही आयोजित किया जा सकता है। सीको हाशिमोतो ने संसद के उच्च सदन में एक सवाल के जवाब में कहा कि ओलंपिक अगर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 जुलाई को शुरू नहीं हो पाता है तो इन्हें साल में बाद में भी आयोजित किया जा सकता है।

तोक्यो ओलंपिक पर तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस का खतरा मंडरा रहा है जिसके कारण जापान में अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है और कई खेल प्रतियोगिताएं और ओलंपिक से जुड़े टूर्नामेंट स्थगित या रद्द कर दिए गए हैं।

हाशिमोतो ने संसद में कहा, 'अगर खेलों का आयोजन वर्ष 2020 के दौरान नहीं हो पाता है तो आइओसी तभी खेलों को स्थगित कर सकती है। इसका मतलब यह निकाला जा सकता है कि खेल तभी स्थगित किए जा सकते हैं अगर इनका आयोजन कैलेंडर वर्ष के दौरान न हो पाए।'

**महिला टी20 विश्व कप**

# सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला

सिडनी, 3 मार्च (भाषा)।

**कल खेला जाएगा मैच**

*पहली* बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिशों में जुटा है भारत

भारत महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा जो ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज का मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैच के रद्द होने से दक्षिण अफ्रीका को एक अंक मिला और टीम ग्रुप बी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रही।

पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिशों में जुटा भारत ग्रुप ए में अपने चारों मैच जीतकर आठ अंक के साथ शीर्ष पर रहा था। तीन जीत और एक हार से छह अंक जुटाने वाले इंग्लैंड और भारत के बीच सेमीफाइनल गुरुवार को खेला जाएगा।

2018 में हुए पिछले टूर्नामेंट में भी यही दोनों टीमें सेमीफाइनल में आमने सामने थी। इंग्लैंड ने 2018 में हुए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को हराया था लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था।

दूसरा सेमीफाइनल दक्षिण अफ्रीका और ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे चार बार के चैंपियन आस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को ही सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।

## 'फाइनल में जगह बनाएगा भारत'

आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारत पहली बार फाइनल में जगह बनाएगा और इसका कारण उन्होंने टीम में शेफाली वर्मा जैसी स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी को बताया।



आइसीसी ने ली के हवाले से कहा कि वे कभी फाइनल में नहीं पहुंचे हैं लेकिन पहले जो टीमें देखी हैं यह उनकी तुलना में भारत की बिलकुल अलग टीम है।


## ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

ओ.बी.सी

(भारत सरकार का उपक्रम)

समाधान, वसूली और विधि, क्लस्टर कार्यालय फरीदाबाद, नीलम चौक, एनआईटी, फरीदाबाद-121002 (हरियाणा) फोन: 0129-2415525, ई-मेल: rrl_7622@obc.co.in

**ई-नीलामी विक्री सूचना**

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पतित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 25.03.2020 को बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार, **धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.03.2020 को सांय 4.00 बजे तक है।**

### अचल सम्पत्तियों का विवरण

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम | सम्पत्ति का विवरण एवं स्वामी का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली में वृद्धि हेतु राशि | ई-नीलामी की तारीख/समय | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि (जमानती कर्ज) | ई एम डी प्रेषण खाते का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जसविन्दर सिंह पुत्र श्री जोगिन्दर सिंह और श्री जोगिन्दर सिंह पुत्र मनमोहन सिंह और श्रीमती परमजीत कौर पत्नी जोगिन्दर सिंह | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 2ई/100 प्रथम तल, दक्षिणी हिस्सा, ब्लॉक ई, एन एच – 2, एनआईटी फरीदाबाद – 121001, क्षेत्रफल 116 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती परमजीत कौर और श्री जोगिन्दर सिंह के नाम पर पंजीकृत, जिला फरीदाबाद। चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 2ई/100, दक्षिण में – मकान नं. 2ई/101, पूरब में – मकान नं. 2ई/73, पश्चिम में – रोड़ | ₹ 21.00 लाख<br>₹ 2.10 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 20-08-2016<br>₹ 21,45,803.00 दिनांक 30.07.2016 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 2 | मैसर्स रजनी इलैक्ट्रीकल प्रोप. मंजू देवी | 1. सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि साम्यिक बंधक दुकान नं. 3ए और 4 सरन स्कूल रोड जवाहर कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित है, क्षेत्रफल 36 वर्ग गज., यह सम्पत्ति श्रीमती मंजू देवी के नाम सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – दुकान नं. 5, दक्षिण में – दुकान नं. 2, पूरब में – 22 फीट चौडी रोड पश्चिम में – दुकान नं. 8<br>2. साम्यिक बंधक मकान नं. 2614/8, सरन पब्लिक स्कूल रोड, जवाहर कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित है, कर्वड एरिया 103 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती मंजू देवी के नाम पर है, चौहद्दी : उत्तर में – 2614/9, दक्षिण में – 2614/7, पूरब में – दुकान (रजनी इलैक्ट्रीकल्स), पश्चिम में – गली | 1. ₹ 42.00 लाख<br>₹ 4.20 लाख<br>₹ 0.20 लाख<br>2. ₹ 32.00 लाख<br>₹ 3.20 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 20-03-2017<br>₹ 68,92,731.00 और ₹ 36,78,549.00 दिनांक 01.03.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 3 | मैसर्स एस.पी. रबड़ प्रोपराईटर : श्रीमती भगवती देवी | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. डीसी-551(एफ-7) क्षेत्रफल 155 वर्ग गज, रैक्टैन्गल नं. 47, किला नं. 10/1, मौजा डबुआ, डबुआ कॉलोनी, एन आई टी फरीदाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती भगवती देवी के नाम पर जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 6, दक्षिण में – रास्ता, पूरब में – प्लॉट नं. 5, पश्चिम में – आगे का रास्ता | ₹ 18.20 लाख<br>₹ 1.82 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 15-10-2016<br>₹ 40,06,199.00 और ₹ 40,81,434.00 दिनांक 30.09.2016 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 4 | श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति मकान नं. एफसीए – 162, गली / वैस्ट ऑफ एक्स-आर्मी स्कूल, 33फीट बंद रोड, एसजीएम नगर, फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 197 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती माया देवी पत्नी श्री रघुवीर सिंह के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 161 / श्री धर्म वीर, पूरब में – गली, दक्षिण में – पार्टी का मकान नं. एफसीए –161ए, पश्चिम में – गली | ₹ 72.00 लाख<br>₹ 7.20 लाख<br>₹ 0.50 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | ₹ 66,69,543.33 + ₹ 9,04,051.67 + दिनांक 01.10.2017 से ब्याज, लागत एवं अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 5 | श्री सिंह राज और श्री नरेन्दर | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. डी एफ 63, गली नं. 6, गाजीपुर रोड, डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 145.00 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती नरेश देवी पत्नी श्री सिंह राज बंसल के नाम सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – 15फीट रास्ता, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति | ₹ 34.40 लाख<br>₹ 3.44 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 20-07-2017<br>₹ 23,94,683.00 दिनांक 01.07.2017 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 6 | मैसर्स खोखर इलेक्ट्रॉनिक्स | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. ए-1101, (पुराना प्लॉट नं. 96 और 97) डी स्टोरी, विवेक विहार के पास, डबुआ कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती सोनिया पत्नी संजीव कुमार के नाम सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – मकान नं. 1100, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – मकान नं. 1102, पश्चिम में – रास्ता | ₹ 31.20 लाख<br>₹ 3.12 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 01-09-2017<br>₹ 31,91,838.38 दिनांक 01.09.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 7 | श्री योगिन्दर राणा और श्रीमती संगीता | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. एम सी एफ नं. 983ए, ब्लॉक आरा मशीन वाली गली डबुआ कॉलोनी एन आई टी फरीदाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 100.00 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती संगीता पत्नी श्री योगिन्दर के नाम सब-रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 112/श्री शंकर लाल का मकान, दक्षिण में – प्लॉट नं. 110/मकान नं. 984/ए, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – 11फीट चौडा रास्ता | ₹ 21.09 लाख<br>₹ 2.11 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 21-07-2017<br>₹ 18,69,810.00 दिनांक 01.07.2017 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 8 | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री उदय भान शर्मा, | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. डी-536, हनुमान मन्दिर, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद में स्थित है, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री अशोक कुमार पुत्र श्री उदय भान शर्मा के नाम पर उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पंजीकृत। चौहद्दी : उत्तर में अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – रास्ता, पूरब में – के.एस. चहल का मकान, पश्चिम में – श्री ध्रुव सिंह का मकान | ₹ 18.00 लाख<br>₹ 1.80 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 23-02-2017<br>₹ 12,45,846.00 दिनांक 01.02.2017 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 9 | मैसर्स खान बैट्री हॉउस (प्रोप. श्री तालिम पुत्र श्री शरीफ) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी मकान नं. 3623 वार्ड नं. 11, खेवत नं. 1131 का भाग, म्हारम कॉलोनी, हातिन, हरियाणा, क्षेत्रफल 101 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री तालिम पुत्र श्री शरीफ के नाम सब-रजिस्ट्रार हातिन, जिला पलवल में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर मे – रोड़, दक्षिण में – अन्य की सम्पत्ति, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति | ₹ 13.00 लाख<br>₹ 1.30 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 04-07-2015<br>₹ 16,05,986.00 दिनांक 01.07.2015 तक प्लस ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 10 | मैसर्स मोनू आर्क प्रोडक्ट | साम्यिक बंधक रिहायशी पुराना न. 160 और 161, जिसे अब एमसीएफ 161 कहते है, क्षेत्रफल 208 वर्ग गज, ब्लॉक ई, मौजा गौंची (संजय कॉलोनी) सैक्टर-23, फरीदाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती शीला देवी पत्नी सधाम सिंह के नाम पर सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : उत्तर में – पीके गुप्ता की सम्पत्ति, पूरब में – जगन नाथ की सम्पत्ति, दक्षिण में – रास्ता, पश्चिम में – रास्ता | ₹ 63.90 लाख<br>₹ 6.39 लाख<br>₹ 0.50 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 04-07-2015<br>₹ 14,97,269.00 + ₹ 4,79,031 + दिनांक 31.08.2019 से ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |
| 11 | मैसर्स रंगोली डिज़ाईन | साम्यिक बंधक औद्योगिक प्लॉट नं. ई-7, क्षेत्रफल 18 मरला अर्थात 550 वर्ग गज, जिसमें खेवत नं. 126 शामिल है, खेवत नं. 67 खतौनी न. 126, रैक्ट. 21 किला नं. 7/192-0); (7-4); 15/1 (4-16) 17(8-0) खेवत न. 6 खतौनी नं. 11, रैक्ट. 21 किला नं. 24(8-0) जोकि मौजा कंवारा जिसे अब रॉयल औद्योगिक क्षेत्र कैंवारा कहते है खरी जसाना रोड, फरीदाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती रेखा गौर पत्नी अरविन्द कुमार के नाम पर है चौहद्दी : उत्तर में – अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण में – अन्य की सम्पत्ति, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – रास्ता | ₹ 85.00 लाख<br>₹ 8.50 लाख<br>₹ 0.50 लाख | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार की शर्त पर | 04-07-2015<br>₹ 65,65,856.64 + दिनांक 01.09.2017 से ब्याज और अन्य प्रभार | A/c No. 00181181000031 A/c Name : EMD Account Circle Office Name of the Beneficiary: OBC IFSC Code: ORBC0100018 |

**नियम व शर्तें**

1. ई-नीलामी "जो है जहाँ है", "जैसी है जो कुछ भी है" एवं "दायित्व रहित आधार पर" आयोजित की जा रही है।
2. धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.03.2020 को सांय 4.00 बजे तक है।
3. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना के अनुसार सम्पत्ति पर कोई भार नही है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी की जाने वाली सम्पत्ति पर किसी भी भार, टाइटल और सम्पत्ति पर किसी भी दावे/अधिकार/बकाए के संबंध में बिड जमा करने से पहले स्वयं जांच कर सकते हैं। सम्पत्ति बैंक को ज्ञात और अज्ञात सभी वर्तमान और भविष्य के ऋण-भार सहित बेची जा रही है। तृतीय पक्ष यदि सम्पत्ति पर किसी बकाए / अधिकार के संबंध में कोई दावा करता है, तो इसके लिए किसी भी तरह से प्राधिकृत अधिकारी/जमानती ऋणदाता जिम्मेदार नहीं होगा।
4. इच्छुक बोलीदाता जिन्होंने धरोहर राशि जमा किया है और लॉगईन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डाटा अपलोडिंग करने, बोली जमा करने, ई-बिडिंग प्रक्रिया पर प्रशिक्षण इत्यादि में अपेक्षित सहायता के लिए **मैसर्स सी1 इण्डिया प्रा. लि., बिल्डिंग नं. 301, प्रथम तल, उद्योग विहार, फेज-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, गुड़गाँव, हरियाणा-122015, हैल्प लाईन न. 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेल- delhi@c1india.com, support@bankeauctions.com** व्यक्ति का नाम जिसे सम्पर्क किया जा सके श्री विनोद कुमार / श्री भगत सिंह मो. +91-9813887931 / 7291981129) और सम्पत्ति से सम्बन्धित पूछताछ एवं निरीक्षण के लिए **प्राधिकृत अधिकारी: श्री अतुल सैनी, मो. नं. 9971808400 ई-मेल: rrl_7622@obc.co.in** से कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।

उपरोक्त बंधक सम्पत्तियां जो कि ई-नीलामी में लगी हैं की निलामी असफल होने की स्थिति में नियमानुसार बैंक प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बिक्री करने का अधिकार रखता है।

(विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया हमारी वेबसाईट : www.obcindia.co.in और https://www.bankeauctions.com देखें)

दिनांक 03.03.2020 स्थान : फरीदाबाद

प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 108, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com